
7
कलाकारों ने साझा किए...



www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत




11
डॉक्टर्स की इमरजेंसी....



■ वर्ष 31 अंक 117 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




जबलपुर (स्वतंत्र मत)। स्थानीय गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में पद्मभूषण डॉ. सेठ गोविंद दास जी का 130वां जन्मोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। (विस्तृत खबर पेज 12 पर)

# डोनर की तलाश खत्म: वैज्ञानिकों ने बनाई यूनिवर्सल किडनी

नई दिल्ली

किडनी की बीमारी से जूझ रहे लाखों लोग रोज नई उम्मीद की तलाश में रहते हैं। लेकिन अब एक अच्छी खबर है। कनाडा और चीन के वैज्ञानिकों ने 10 साल की मेहनत के बाद यूनिवर्सल किडनी बनाई है, जो किसी भी ब्लड टाइप वाले मरीज को दी जा सकती है। इससे वेटिंग लिस्ट छोटी होगी और जिंदगियां बचेंगी। किडनी ट्रांसप्लांट के लिए डोनर की किडनी रिसीवर के ब्लड ग्रुप से मैच करनी चाहिए। ओ टाइप का ब्लड यूनिवर्सल डोनर है यानी ये किसी भी ग्रुप वाले को दिया जा सकता है। लेकिन ओ टाइप की किडनियां कम हैं, क्योंकि इन्हें हर कोई इस्तेमाल कर सकता है। वेटिंग लिस्ट पर आधे से ज्यादा लोग ओ टाइप की किडनी का इंतजार करते हैं। अमेरिका में ही रोज 11 लोग किडनी न मिलने से मर जाते हैं। भारत में भी लाखों मरीज डायलिसिस पर जी रहे हैं। अगर अलग ब्लड ग्रुप की किडनी ट्रांसप्लांट करें तो बॉडी उसे विदेशी समझकर रिजेक्ट कर देती है। अभी का तरीका? मरीज को दवाओं से तैयार करना, ये महंगा, लंबा और जोखिम भरा है। लिविंग डोनर चाहिए और कई महीने लगते हैं। ये नई किडनी ओ टाइप जैसी है, जो किसी भी ब्लड ग्रुप वाले मरीज के बॉडी में घुल-मिल जाएगी।



### टेस्ट कैसे हुआ? रिजल्ट्स क्या निकले?

ब्रेन-डेड व्यक्ति के बॉडी में ए टाइप किडनी ट्रांसप्लांट की गई। वो कई दिनों तक काम करती रही- ब्लड फिल्टर किया, वेस्ट हटाया। तीसरे दिन, टाइप के साइन थोड़े दिखे, जिससे हल्का इम्यून रिस्पॉन्स हुआ। लेकिन ये सामान्य से कम था। बॉडी किडनी को सहन करने की कोशिश कर रही थी। विथर्स कहते हैं कि ये बेसिक साइंस का मरीजों तक पहुंचना है। हमारी खोजें अब रियल वर्ल्ड में असर दिखा रही हैं।

वैज्ञानिकों ने ए टाइप की किडनी को ओ टाइप में बदल दिया। कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के बायोकेमिस्ट स्टीफन विथर्स कहते हैं कि ये पहली बार इंसानी बॉडी में टेस्ट हुई। इससे हमें लंबे समय तक काम करने के टिप्स मिले। ये किडनी ब्रेन-डेड (मस्तिष्क मृत) व्यक्ति के बॉडी में कई दिनों तक काम करती रही। परिवार की सहमति से ये रिसर्च हुई।

### एंजाइम्स की जादुई कैंची

ब्लड टाइप ए, बी या एबी में किडनी की सतह पर शुगर मॉलिक्यूल्स (एंटीजेंस) लगे होते हैं, जो बॉडी को बताते हैं कि ये अपनी है या विदेशी। ओ टाइप में ये एंटीजेंस नहीं होते। वैज्ञानिकों ने स्पेशल एंजाइम्स (प्रोटीन) इस्तेमाल किए, जो ए टाइप के एंटीजेंस को काट देते हैं। विथर्स इसे कार के रंग हटाने से तुलना करते हैं। कहते हैं कि जैसे लाल पेंट हटाकर न्यूट्रल प्राइमर दिखाना। एंटीजेंस हटते ही इम्यून सिस्टम किडनी को अपना समझ लेता है। ये एंजाइम्स पहले से पहचाने गए थे, लेकिन अब इन्हें किडनी पर सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया। रिसर्च नेचर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग जर्नल में छपी है।

### भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराध 94% बढ़े

**नई दिल्ली।** भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों में 2017 से 2022 तक 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड अगेंस्ट सेक्शुअल ऑफेंस एक्ट के तहत दर्ज होने वाले ऐसे केस 33,210 से बढ़कर 64,469 हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते आंकड़ों के बावजूद सजा की दर 90 प्रतिशत से ज्यादा बनी हुई है, जो मजबूत कानूनी कार्रवाई और रिपोर्टिंग सिस्टम को दिखाता है।? चाइल्डलाइट ग्लोबल चाइल्ड सेफ्टी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट इंटू द लाइट इंडेक्स 2025 में कहा गया है कि अपराध आंकड़ों में पारदर्शिता से निगरानी और तेज कार्रवाई आसान होती है। रिपोर्ट इसे वैश्विक स्तर पर मानवीय त्रासदी बता रही है।

### डीआईजी की कोठी से मिले 5 करोड़ रुपये

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत केस में गिरफ्तार किया है। डीआईजी ने बिचौलिए के जरिए फतेहगढ़ साहिब में मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से 8 लाख की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर उसके 2 साल पहले सरहिंद में दर्ज पुराने केस में चार्जशीट पेश करने और नए फर्जी केस दर्ज करने की धमकी दी गई। कारोबारी ने इसकी शिकायत सीबीआई को कर दी। सीबीआई ने जांच के बाद ट्रैप लगा गुरुवार को डीआईजी को अरेस्ट कर लिया।

महागठबंधन में सीट बंटवारे पर बोले पवन खेड़ा

# सिंबल यहां बंटे, ब्लडप्रेशर पीएम आवास में बढ़ रहा

नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं और सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो चुका है। लेकिन विपक्षी महागठबंधन में कई बैठकों के बावजूद अभी तक सीट बंटवारा नहीं हो पाया है। लेकिन इस बीच राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। बिना सीट बंटवारे के महागठबंधन की पार्टियां अपने उम्मीदवारों को सिंबल बांट रही हैं जिसे लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा है कि रहस्य बना रहना चाहिए और इसी वजह से बीजेपी नेतृत्व का ब्लडप्रेशर भी बढ़ रहा है। सीट बंटवारे के सवाल पर बोलते हुए पवन खेड़ा ने कहा, समय-समय पर नए प्रयोग होते रहना चाहिए। मुझे लगता है कि यह प्रयोग काफी अच्छा था कि सीधा सिंबल देना शुरू किया... और थोड़ी मिस्ट्री भी रहनी चाहिए। इसमें क्या गलत है। जितने ज्यादा सिंबल दिए जा रहे हैं, उतना ब्लडप्रेशर प्रधानमंत्री आवास में बढ़ रहा है। पवन खेड़ा ने आगे कहा, ये चुनाव बिहार से भी ज्यादा कहीं और असर डाल रहा है और वहां ब्लडप्रेशर हाई हो रहा है। ये हमें अच्छा लग रहा है। अभी पर्चा भरने में वक्त है, निश्चिंत रहिए, उससे पहले सारी बातचीत हो जाएगी, लिस्ट फाइनल हो जाएगी और सारे सिंबल बंट चुके होंगे।

सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में मची खींचतान को लेकर पवन खेड़ा ने कहा, चुनाव उत्सव होता है...घर में जब शादी होती है तो कोई नाराज होता है, कोई खुश होता है...नाच, ढोल, सबकुछ चल रहा होता है। चुनाव भी घर में शादी की तरह है। हमारे गठबंधन में सबकुछ ठीक है, उनके गठबंधन का पता नहीं। कोई समस्या नहीं है।



### सरकारी नौकरियों का तेजस्वी का वादा

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वादा किया कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो हर परिवार में एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के 20 दिनों के अंदर इसके लिए नया कानून लाएंगे और 20 महीने के अंदर नौकरी दे दी जाएगी। तेजस्वी के इस वादे पर सत्तापक्ष उन्हें घेर रहा है कि तेजस्वी के वादे के मुताबिक, 2 करोड़ 70 लाख परिवारों को सरकारी नौकरी देनी होगी जिसपर 10 लाख करोड़ का खर्च आएगा जो कि अभी सरकारी नौकरी पर हो रहे खर्च से 15 गुना से ज्यादा है। सत्तापक्ष का कहना है कि जब बिहार का पूरा बजट ही 2 लाख करोड़ का है तो 10 लाख करोड़ का खर्च कहां से आएगा।

### तेजस्वी के वादे पर क्या बोले बोले खेड़ा?

तेजस्वी के इस वादे और सत्तापक्ष के सवालों पर बोलते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ये क्यों नहीं संभव है जब हमारी नीयत अच्छी है। जब पिछली बार तेजस्वी यादव ने पांच लाख नौकरियां दी थी... कैसे दी? देने की नीयत थी, तभी दी न। जिन्होंने नहीं दी, उनसे नहीं पूछा जा रहा। और जो देने की बात कह रहे हैं, उनसे पूछ रहे हैं कि आप कैसे देंगे। आप मौका दो, हम देकर दिखाएंगे। पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार नौकरियों के मामले में देशभर में रोल मॉडल बन सकता है क्योंकि यहां बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, बिहार को आप कम मत आंकिए। बिहार ने जो सरकारें चुनी हैं, कमी उनमें है, बिहार के लोगों में नहीं।

# 2016 के पहले हुए प्रमोशन पर लागू नहीं होगी नई पॉलिसी

## हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से किया इंकार

जबलपुर(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने अदालत में नई प्रमोशन नीति को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट किया। सरकार ने बताया कि नई प्रमोशन पॉलिसी 2016 के बाद हुए प्रमोशन पर लागू होगी, जबकि 2016 से पहले हुए प्रमोशन पुराने नियमों के तहत ही मान्य रहेंगे। राज्य सरकार ने कोर्ट से डीपीसी और प्रमोशन प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अब अंतरिम आदेश की जगह अंतिम निर्णय सुनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से कहा कि यदि वह चाहे तो क्वांटिफायबल डेटा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकती है। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 और 29 अक्टूबर को तय की है। इसके साथ ही अदालत ने यह स्पष्ट किया कि अंतिम फैसला आने तक प्रमोशन प्रक्रिया पर रोक बनी रहेगी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था। हाईकोर्ट ने कहा कि जब पुरानी पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है,



तो फिर नई पॉलिसी क्यों लागू की जा रही है? सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने बड़े ही व्यवहारिक तरीके से सवाल पूछे कि पहले रद्द किए प्रमोशन पर नई पॉलिसी कैसे काम करेगी। हाईकोर्ट ने सरकार का स्पष्टीकरण आने तक सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ये बताने को कहा है कि जब उसकी पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट का कोई फैसला आता है तो उसे सरकार नई पॉलिसी के रहते कैसे लागू करेगी? हाईकोर्ट ने सरकार से ये भी पूछा है कि जब पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के आदेश हैं और पुरानी पॉलिसी से हुए प्रमोशन रद्द भी किए गए हैं और नई पॉलिसी में सरकार, रद्द हुए प्रमोशन को कैसे डील करेगी।

# गुजरात में सभी मंत्रियों का इस्तीफा

गांधीनगर

गुजरात में अचानक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में हुई बैठक में राज्य मंत्रिपरिषद के सभी मंत्रियों के इस्तीफे ले लिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह फैसला केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया है। मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह निर्णय मंत्रियों को बताया गया। इसके बाद सभी मंत्रियों ने अपने-अपने त्यागपत्र मुख्यमंत्री को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आज रात राज्यपाल से मुलाकात कर मंत्रिपरिषद के इस्तीफे सौंपेंगे। माना जा रहा है कि यह कदम राज्य में संभावित कैबिनेट विस्तार का हिस्सा है। हालांकि, इस घटनाक्रम पर भाजपा या मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

### आज होगा कैबिनेट विस्तार

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 11.30 बजे गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में नई मंत्रिपरिषद शपथ लेगी। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी मौजूद रहेंगे।

# प्याज के छिलके की तरह सामने लाऊंगा शिवराज का चेहरा: नायक

## पूछा- प्रदीप मिश्रा की कांवड़ यात्रा में 10 लोग मरे, केस दर्ज हुआ क्या

भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर पर बिना अनुमति प्रदर्शन करने के मामले में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक सहित 20-25 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है। केस दर्ज होने के मामले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार किया है। मुकेश नायक ने कहा- शिवराज सिंह जी ये मुकदमा दर्ज करके आपने बहुत बड़ी गलती की है। प्याज के छिलके जैसी एक-एक परत निकालकर अगले छह महीने में जनता के बीच में आपका असली चेहरा निकालकर रख दूंगा। ये धमकी नहीं है ये मुकदमा दर्ज करके आपने राजनीति का स्तर नीचे किया है, इसका परिणाम आएगा। पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा- कल हम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के यहां जीतू पटवारी के नेतृत्व में मिलने गए थे। तो सबसे पहले शिवराज सिंह चौहान ने यह कहा कि राजनीति करना है तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि एक प्रमुख विपक्षी दल का अध्यक्ष आपसे मिलने गया है वो राजनीति नहीं करेगा तो क्या मछली मारने की बात करेगा। नायक ने कहा- आपने (शिवराज) बड़ी सौम्यता और सम्मानजनक ढंग से बात की और आपके घर के बाहर निकले तो आपने मुकदमा दर्ज करा दिया। यही आपके दो चेहरे हैं। बाहर का कुछ और अंदर से कुछ और। जब हम मिलने गए तो आपका इतना सौम्य चेहरा था कि आपने खरगोश जैसा सौम्य मुंह बना कर हम लोगों से बड़ी सहृदयता से बात की। यही आपके दो रूप हैं, जो प्रदेश की जनता जान चुकी है। आपके घर के सामने आपके जन्मदिन पर 500 गाड़ियां रोड पर खड़ी थीं आपने अनुमति ली थी? मुकेश नायक ने कहा- तथाकथित सीहोर वाले संत दस-दस दिन जब रुद्राक्ष बांटते हैं तो ट्रेफिक जाम होता है। आठ-दस घंटे तक लोग, बच्चे, महिलाएं सड़कों पर खड़े रहते हैं। उन्होंने अनुमति ली थी? उनकी कांवड़ यात्रा में दस लोग मर गए उन पर मुकदमा दायर नहीं किया आपने?



### शिवराज ने सिर्फ लोगों का फायदा उठाया

मुकेश नायक ने कहा- हम लोगों ने आपके ऊपर बहुत रिसर्च किया है। आपसे ज्यादा किसी नेता ने इस मप्र का लाभ नहीं उठाया। आपने किसी की मदद नहीं की। विदिशा, बुधनी में पूछ लें तो चार लोगों की आपने मदद नहीं की। आप सिर्फ लोगों से मदद लेते हैं आप स्वार्थी आदमी हैं आपका चेहरा अलग और हृदय अलग है।

# छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

## गृहमंत्री शाह बोले- अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त

नई दिल्ली/रायपुर

छत्तीसगढ़ में गुरुवार को 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त हो गए। गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि बुधवार को महाराष्ट्र में 61 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। वहीं, छत्तीसगढ़ में 27 ने हथियार डाल दिए थे। पिछले दो दिनों में कुल मिलाकर 258 युद्ध-प्रशिक्षित वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। गृहमंत्री शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक ऐतिहासिक दिन। आज छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। कल राज्य में 27 ने हथियार डाल दिए थे। महाराष्ट्र में कल 61 नक्सली मुख्यधारा में लौट आए। पिछले दो दिनों में कुल मिलाकर 258 युद्ध-प्रशिक्षित वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का त्याग किया है। मैं भारत के संविधान में विश्वास रखते हुए हिंसा का त्याग करने के उनके निर्णय की सराहना करता हूं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस समस्या को समाप्त करने के अथक प्रयासों के कारण नक्सलवाद अपनी



अंतिम सांसें ले रहा है। अमित शाह ने लिखा, हमारी नीति स्पष्ट है। जो लोग आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनका स्वागत है और जो लोग बंदूक चलाना जारी रखेंगे, उन्हें हमारी सेना के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। मैं उन लोगों से फिर से अपील करता हूं जो अभी भी नक्सलवाद के रास्ते पर हैं कि वे अपने हथियार डाल दें और मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमित शाह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर, जो कभी आतंकवादियों के गढ़ थे, आज नक्सली आतंक से मुक्त घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब दक्षिणी बस्तर में नक्सलवाद का नामोनिशान बचा है, जिसे हमारे सुरक्षा बल जल्द ही मिटा देंगे। गृहमंत्री ने लिखा, जनवरी 2024 से, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद, 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 गिरफ्तार किए गए हैं और 477 का सफाया किया गया है। ये आंकड़े 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के हमारे दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

### तीन जिलों में सिमटा नक्सलवाद

गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या घटकर तीन रह गई है। छत्तीसगढ़ में केवल बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले हैं। मंत्रालय ने कहा, नक्सल-मुक्त भारत के निर्माण के मोदी सरकार के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ी सफलता के तहत नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की श्रेणी में भी यह संख्या 18 से घटकर केवल 11 रह गई है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित इन 11 जिलों में बीजापुर, दंतेवाड़ा, गरियाबंद, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर और सुकमा (सभी छत्तीसगढ़), पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड), बालाघाट (मध्यप्रदेश), गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) और कंधमाल (ओडिशा) शामिल हैं। अलग-अलग अभियानों में 312 वामपंथी उग्रवादी कैडरों को मार गिराया गया, जिनमें भाकपा (माओवादी) महासचिव और आठ अन्य पोलित ब्यूरो/केंद्रीय समिति के सदस्य शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि 836 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 1,639 आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। अब सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़कर 1809 हो चुकी है।

# कॉँग्रेस ने किया मौन धरना प्रदर्शन

## संवेदनहीन सरकार में संवेदनहीन मंत्रियों की भरमार है : अजय अवस्थी




**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** छिंदवाड़ा जिले के परसिया मे जहरीली कफ सिरप से 25 मासूम बच्चों की जान जाने के विरोध में काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में जिला काँग्रेस द्वारा जिला चिकित्सालय के सामने मौन धरना-प्रदर्शन किर दिवंगत मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने मृत बच्चों के परिजनों को पचास लाख रुपए मुआवजा दिए दिए जाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि दवा कंपनियां मानव जीवन को ताक पर रख कर अमानक दवाइयों के द्वारा अंधाधुंध कमाई कर रही हैं, जो आम लोगों और बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक है।

उन्होंने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। अजय अवस्थी ने कहा कि ने कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और न ही दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है। उन्होंने तत्काल उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री राजेंद्र शुक्ला, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव संदीप यादव, ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य और डिप्टी ड्रग कंट्रोलर शोभित कोस्टा के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने गंभीर हादसे के बाद भी सरकार चुप क्यों है और दोषियों को क्यों बचाया जा रहा है? रिपोर्ट में देरी क्यों हो रही है? 'मौन धरना-प्रदर्शन के उपरांत जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी एवं नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल ने वरिष्ठ कांग्रेसजन के साथ जिला चिकित्सालय मे भर्ती मरीजों का हाल चाल जाना व व्याप्त अव्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के प्रभार वाले जिले मे ही जब स्वास्थ्य सुविधाओं का ये आलम है तो पूरे प्रदेश की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस दौरान मुख्य रूप सेजिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुबारक मास्टर, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनरेश तिवारी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, बुढ़ार ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, अतुल तिवारी, पुष्पराज सिंह, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला, कुंजबिहारी द्विवेदी, जयकरन सिंह, सत्यनारायण साहू, मनोज गुप्ता, पार्षद हीरालाल प्रजापति, अवध नरेश चतुर्वेदी, स्वामीदीन सिंह, संजीव द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, शुभम सोंधिया, हर्ष गौतम, अमन तिवारी, महेंद्र यादव, आशु, शिवांशु, कान्हा, ओम एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# उफ्फ! बेशर्मी की सारी हदें कर गए पार, बड़े-बड़े बोल्डर डलवाकर करा दिया स्टॉप डैम का निर्माण

## उपयंत्री, सरपंच और सचिव ने घटिया निर्माण करा शासन के 15 लाख को किया खुर्दबुर्द





**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी मे सरपंच रामा तिवारी और प्रभारी सचिव श्रीराम तिवारी ने हद की सारी हदे पार कर दी है। ग्राम पंचायत को सरपंच,सचिव ने अवैध कमाई का जरिया बना रखा है। पंचायत मे बिना निर्माण के फर्जी बिल लगा कर निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय राशि की लूट की जा रही है ऐसा नहीं है कि उक्त बात की जानकारी जनपद के जिम्मेदार अधिकारी को नहीं है पर वो भी पता नहीं क्यों चुप्पी साधे हुए है। सरपंच रामा तिवारी और श्रीराम तिवारी का कारनामा ग्राम पंचायत मे किसी से छुपा नहीं है। कुछ लोगों ने उच्चाधिकारियो से शिकायत शिकवा किया मगर कोई कार्यवाही न होने से थक हार कर चुपचाप तमासा देख रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि श्रीराम द्वारा खुलेआम पंचायत मे कहा जाता है कि हर माह जनपद से लेकर जिला पंचायत तक अधिकारियो को उनका हिस्सा समय से पंहुचा दिया जाता है जिसे जंहा जो शिकायत करना हो करता रहे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### स्टॉप डैम का जांच कराने की मांग

सरपंच, सचिव द्वारा उपयंत्री से सांठ गांठ कर ग्राम पंचायत मे 15 वां वित्त से बदरहा नाला मे 15 लाख की लागत से स्टॉप डैम का निर्माण कराया गया है। स्टॉप डैम का निर्माण बड़े बड़े बोल्डर डालकर घटिया एवं गुणवत्ताहीन कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्टॉप डैम का निर्माण कार्य इतना घटिया कराया गया है कि वह एक बरसात भी नहीं झेल पाया है। स्टॉप डैम मे बेस नहीं बनाया गया है जिस कारण एक तरफ की पूरी मिट्टी बह गयी है और स्टॉप डैम हवा मे झूल रहा है। ग्रामीणों ने जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।



# नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के दिये सुझाव

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस ने च्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माहज्ज के अवसर पर जिलेभर में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराना और साइबर अपराधों से बचाव के लिए सशक्त बनाना है। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव कर रहे हैं। अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और सार्वजनिक जानकारी प्रसार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। मुख्य गतिविधियाँ बमहोरिकला थाना क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को च्साइबर सुरक्षा शपथज्ज दिलाई गई। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें डिजिटल सुरक्षा के सरल उपायों का उल्लेख किया गया था। पुलिस द्वारा कन्या हायर सेकेन्ड्री, विद्यालय, गंज रोड, शहडोल एवं ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, विचारपुर, शहडोल में बच्चों को सायबर संबंधी विविध जानकारियों एवं तथ्यों से अवगत कराया गया, छात्रों को दैनिक इंटरनेट यूज के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों को विषय में भी जागरुक किया गया। इस अवसर पर छात्रों को साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों, उनसे बचाव के उपायों और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग का एकदिवसीय सेमिनार सम्पन्न




**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों का स्वागत करके किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर ने छात्रों को शोध में सक्रिय भागीदारी करने और नवीनतम वैज्ञानिक खोजों को समझने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, कुल सचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी ने आयोजन के सफल संचालन की दिशा में मार्गदर्शन किया। सेमिनार में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीण कुमार शर्मा एवं प्रोफेसर प्रमोद कुमार पांडे ने नोबेल पुरस्कार-प्राप्त भौतिक शास्त्र क्षेत्र, च्मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग एवं विद्युत परिपथ में एनर्जी क्वांटाइजेशनज्ज, पर अपने विचार साझा किए और इस खोज के भविष्य में संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर च्ळ प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा बीएससी ऑनर्स के छात्र-छात्राओं ने प्रभावशाली पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के माध्यम से चर्चा को और समृद्ध किया। अंततः प्रतिभागियों ने क्वांटम टनलिंग और एनर्जी क्वांटाइजेशन के कॉन्सेप्ट को गहराई से समझा। सेमिनार में विभाग के सभी शिक्षक गण, जिनमें अनुराग पांडे, इशिका मिश्रा और सौम्य सिंह शामिल थे, उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया। इस एकदिवसीय सेमिनार ने छात्रों में वैज्ञानिक उत्साह और शोध की रुचि बढ़ाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत में पूर्व में दर्ज गुम इंसान जिसे सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। दस्तयाबी उपरांत पीड़िता से लिए गए कथनों के आधार पर फरियादिया ने बताया कि पड़ोसन रानी रैदास के साथ अमझोर बाजार जाने के दौरान, रानी ने संतोष रैदास एवं उसके भाई को बुलाकर पीड़िता को संतोष रैदास के ऑटो में बैठा दिया था। आरोपी संतोष रैदास उसे बहला-फुसलाकर ग्राम सगरा स्थित अपने घर ले गया। फरियादिया ने अपने बयान में बताया कि आरोपी संतोष रैदास ने पीड़िता के साथ जबरजस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किया। उक्त गंभीर तथ्यों के आधार पर, आरोपी संतोष रैदास के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना में लिया गया है। सीधी पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए, मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। संतोष रैदास पिता ईश्वरदीन रैदास, उम्र 30 वर्ष, निवासी सगरा, मनोहर रैदास पिता ईश्वरदीन रैदास, उम्र 33 वर्ष, निवासी सगरा, आरोपिया रानी रैदास उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम मीठी। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



# पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत की कार्यवाही

## 35 मवेशी जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।**

जिले में अवैध गतिविधियों के नियन्त्रण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम में, थाना देवलोंद पुलिस द्वारा अवैध पशु तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी देवलोंद उप निरीक्षक सुभाष दुबे को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक क्रमांक यूपी 96 टी 4582 में अवैध रूप से मवेशियों के क्रूरतापूर्ण परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल हमराह बल के सुखाड़ नवघटा पुल के पास नाकाबंदी की गई। उक्त नाकाबंदी के दौरान, वाहन चेकिंग करते हुए ट्रक क्रमांक यूपी 96 टी 4582 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 16 नग भैंस एवं 19 नग पड़वा कुल 35 मवेशी अमानवीय ढंग से ठूंस-ठूंस कर लोड पाए गए। वाहन चालक एवं सहयोगियों द्वारा मवेशी परिवहन हेतु कोई वैध परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी दीपक दाहिया (चालक) पिता जयराम दाहिया, निवासी गर्ललगी, सतना, पुष्पराज यादव (सहयोगी) पिता दलप्रसाद यादव, निवासी छिलुहा, सीधी, इस्लाम खान (सहयोगी) पिता कलाम खान, निवासी छवारी, सीधी।

जब्त किया गया ट्रक क्रमांक यूपी 96 टी 4582, अनुमानित कीमत 10,00,000 35 नग मवेशी (16 भैंस, 19 पड़वा), अनुमानित कीमत 6,30,000 कुल जब्तशुदा माल का मूल्य 16,30,000, अभियुक्तों के कृत्य को पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर, मौके से तीनों अभियुक्तों को अभिरक्षा में लिया जाकर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। जप्तशुदा मवेशियों को आवश्यक देखरेख एवं खान-पान हेतु तीर्थ गौशाला समिति बाणसागर को सुपुर्द किया गया है।

# जन स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने हेतु हरित पटाखों का ही उपयोग करने की अपील

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रकाश पर्व दीपावली का त्यौहार 5 दिनों तक मनाया जाता है। त्यौहार के दौरान बड़ी मात्रा में पटाखों का उपयोग होता है। ज्वलनशील एवं ध्वनिकारक पटाखों के उपयोग से परिवेश की वायु में प्रदूषण तत्व तथा ध्वनिस्तर में वृद्धि होती है। ठण्ड के दिनों में वायु का डिस्पर्शन वायुमण्डल में अधिक उंचाई तक नहीं होने के कारण परिवेश की वायु में प्रदूषक तत्वों का स्तर बढ़ जाता है, जो मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए नुकसान दायक होते हैं। पटाखों का प्रस्फोटन संवेदनशील क्षेत्र जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर संस्था, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थानों इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित है। पटाखों के जलने के उपरांत बचे हुए कागज के टुकड़े एवं अधजली बारूद के संपर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका रहती है। पटाखों के जलने के उपरांत उत्पन्न कचरे को प्राकृतिक जल स्त्रोतों तथा पेयजल स्त्रोतों के आस-पास नहीं फेंकना चाहिए। अन्यथा पेयजल स्त्रोत के प्रदूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। जिला प्रशासन द्वारा आम जन से अपील की गई है कि त्यौहारों के दौरान हरित पटाखों का सीमित मात्रा एवं रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक उपयोग करें। पटाखों के जलने के उपरांत बचे हुए कचरे, सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं मिलाएं इस कचरे को पृथक स्थान पर संकलित कर नगरीय निकायों की स्वच्छता टीम को सौंप दिया जाए। नगरीय निकायों से भी अनुरोध है कि पटाखों का कचरा अलग से एकत्र कर उसका अपवहन करें।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य ने रेडक्रास में दी सहायता राशि, कलेक्टर को सौंपा चेक



बालाघाट।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट के सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री नरोत्तम दास शर्मा ने जिला रेडक्रास सोसायटी में 01 लाख 01 हजार 01 रुपये की राशि का दान किया है। उन्होंने कलेक्टर मृणाल मीना को इस राशि का चेक सौंपा। कलेक्टर मीना ने सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री शर्मा को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि उनके इस प्रयास से अन्य लोगों को भी रेडक्रास सोसायटी में दान करने की प्रेरणा मिलेगी। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री शर्मा द्वारा हर वर्ष रेडक्रास सोसायटी को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राशि दान की जाती है। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उनका यह कार्य सभी के लिए अनुकरणीय है।

# जिले के किसानों से अपील, प्रोत्साहन राशि के लिए समितियों से करे संपर्क

**बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी. जोशी ने जानकारी बताया कि वर्ष 2024-25 धान उपार्जन अंतर्गत जिले के अधिकांश किसानों के खातों में प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। ऐसे किसान जिनके खाते कॉपरेटिव बैंक में नही है और दूसरे बैंको में संचालित है, जिनके द्वारा धान का विक्रय किया गया है, उनके खातो में प्रोत्साहन राशि अप्राप्त है जिसकी सूची शाखा स्तर पर दी गई है। किसानों से अपील की गई है कि पात्र किसान जिनके खातो में प्रोत्साहन राशि अप्राप्त है वे निकटवर्ती जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा, समितियों या धान उपार्जन केन्द्र में संपर्क करे ताकि प्रोत्साहन राशि किसानों को प्राप्त हो सके।

# दीपावली के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का मानपुर में हुआ आयोजन



उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 15 अक्टूबर को दीपावली त्योहार के मद्देनजर ब्लॉक स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन श्रीमति खुशबू कुलदीप गुप्ता वार्ड नंबर 9 नगर परिषद मानपुर के तत्वाधान में शिव होटल के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक के वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा पत्रकार साथी मौजूद रहे वार्ड पार्षद द्वारा दीपावली के अवसर पर सभी पत्रकारों को उपहार भेंट किया गया।

पत्रकार सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों का एकत्रीकरण था।पत्रकार एकत्रीकरण में पत्रकारों द्वारा नियम भी पारित किए गए जो सभी पत्रकार संगठन पर मान्य होंगे।(1) पत्रकारों में आपसी मतभेद होने पर सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की टीका टिप्पणी किसी भी पत्रकार द्वारा नहीं की जाएगी। (2) पत्रकार द्वारा प्रकाशित किसी भी खबर का खंडन (सोशल मीडिया एवं अन्य स्थानों पर) कोई भी पत्रकार नहीं करेगा। (3)पत्रकार की अनैतिक गतिविधियों में संलिप्तता मिलने पर पत्रकार को दायित्व से मुक्त संगठन को करना होगा।(4)पत्रकार भवन हेतु प्रशासनिक स्तर पर पहल मांग कर पत्रकार भवन हेतु जमीन आवंटित कराया जाये। बैठक में पत्रकार भागीरथ भट्ट, मनोज श्रीवास्तव, त्रिवेणी शरण द्विवेदी, जय प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र प्रभाकर, बजरंग बहादुर सोनी, कुलदीप गुप्ता, राजा दिवाकर मिश्रा, राजर्षी मिश्रा, अजय पयासी, दीपक विश्वकर्मा सहित सभी लेखनीकर शामिल हुए।

# नवजात शिशु को मिला जीवनदान 29 दिनों बाद स्वस्थ होकर लौटा घर

बालाघाट(स्वतंत्रमत)।

समय से पहले जन्में एवं नवजात शिशुओं के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट की एसएनसीयू में उत्तम सुविधायें उपलब्ध हैं और इसमें मुफ्त में ईलाज होता है। प्रायवेट अस्पताल में इन्हीं सुविधाओं के लिए माता-पिता को लाखों रुपये की चपत लग जाती है। एसएनसीयू में किये गये उपचार से ऐसे ही एक नवजात शिशु को नया जीवन मिला है और उसके माता-पिता इससे बहुत खुश हैं। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन बताते हैं कि नवजात शिशुओं के उपचार के लिए इतनी अच्छी एसएनसीयू आसपास के जिलों में भी नहीं है।लालबर्रा तहसील के ग्राम गर्रा निवासी कुंतन पति विनोद कुर्वेति के मात्र 09 दिन के शिशु को गहन शिशु चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) बालाघाट में भर्ती कराया गया था। शिशु सर्दी, खांसी से पीड़ित था और सांस नहीं ले पा रहा था और गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल लाया गया था। शिशु की सांस नहीं चल रही थी जिसके कारण उसे वेंटीलेटर पर रखा गया। लगातार 05 दिनों तक वेंटीलेटर में रहने के बाद बच्चे की स्थिति में थोड़ा सुधार होने पर उसे निरंतर सांस लेने के लिए सहायता कराने वाली मशीन सीपीएपी पर रखा गया। लगातार 15 दिनों तक मशीन के सपोर्ट पर रखने के बाद स्थिति में पूर्णतः सुधार होने पर 29 दिनों तक भर्ती रखने के बाद शिशु को 15 अक्टूबर 2025 को डिस्चार्ज किया गया।शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, एसएनसीयू के प्रभारी चिकित्सक और स्टाफ द्वारा कुंतन के नवजात शिशु के ईलाज, सहायता और मॉनिटरिंग से डिस्चार्ज के समय उसका वजन 01 किलोग्राम 980 ग्राम हो गया और वह पूर्णतः स्वस्थ है। बच्चे की आरओपी नेगेटिव है। गंभीर स्थिति में भर्ती कराने के बाद 29 दिनों के निरंतर उपचार से शिशु के स्वस्थ होने पर माता-पिता कुंतन व विनोद कुवेर्ती बहुत खुश हैं।




उन्होंने बताया कि उनके शिशु का जिला चिकित्सालय में मुफ्त में उपचार हो गया है। किसी प्रायवेट अस्पताल में 29 दिनों तक शिशु को भर्ती रखकर उपचार कराते तो उन्हें लाखों रुपये खर्च करने पड़ते और वह इसमें सक्षम नहीं थे। कुंतन एवं विनोद ने भी उनके बच्चे को स्वस्थ करने के लिए एसएनसीयू के चिकित्सकों एवं स्टाफ को दिल से दुआयें दी है।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया सेठ गोविंददास का 130वां जन्मोत्सव

## हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुए विविध आयोजन




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी सभा के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. सेठ गोविंददास का 130वां जन्मोत्सव समारोह हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी की शासकीय निकाय के अध्यक्ष एचएस ओबेरॉय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने डॉ. गोविंददास के जीवन, राष्ट्रसेवा और समाज सुधार पर आधारित प्रस्तुतियां दीं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पौधारोपण का हुआ आयोजन

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा शुक्ला ने कहा कि हितकारिणी सभा केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक इतिहास है, जिसे हर शहरवासी को सहेजना चाहिए। यह इतिहास एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे बढ़ता जा रहा है, और अब यह नई पीढ़ी के हाथों में गर्व से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि डॉ. सेठ गोविंददास की वंश परंपरा आज भी समाज सेवा के कार्यों से जुड़ी हुई है। इस अवसर पर प्राचार्या ने उल्लेख किया कि वंश परंपरा की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रीवाली जी को हाल ही में बोरीवली, मुंबई में गौशाला सेवा एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीवाली जी का यह योगदान हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जिससे वे भी समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और आगे बढ़ें। समारोह में देशभक्ति गीतों, वाचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने प्रेरणादायक वातावरण बनाया। अंत में पौधारोपण एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह में कॉलेज के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





# फायर, इलेक्ट्रिक सेफ्टी पर रखें विशेष ध्यान

### कठोंदा पटाखा बाजार पहुंचे कलेक्टर, एसपी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिये कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याकय ने गुरूवार को कठोंदा स्थित थोक पटाखा बाजार का निरीक्षण किया तथा पटाखा व्याापारियों को लायसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्र और पुलिस कप्तान ने पटाखा व्यापारियों के लायसेंसए स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण भी किया। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार भी इस मौके पर उनके साथ रहे। कठोंदा पटाखा बाजार के निरीक्षण में कलेक्टर और पुलिस कप्तान ने पटाखा व्यापारियों कों फायर सेफ्टी और इलेक्ट्रिक सेफ्टी पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। उन्होंने मौजूदा अग्निशमन उपकरणों के स्थान पर बिजली एवं ज्वलनशील तरल पदार्थों से लगने वाली आग को बुझाने में इस्तेमाल किये जाने वाले कार्बन डाई ऑक्साजईड युक्त अग्निशमन यंत्र रखने के निर्देश दिये गये। पटाखा व्यापारियों से कहा गया कि दुकानों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से रखे जायें। स्टॉक रजिस्टर रखने तथा इसे नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश भी पटाखा व्यापारियों को दिये गये तथा पटाखा दुकानों पर लायसेंसधारी व्यक्ति की अनिवार्य मौजूदगी सुनिश्चित करने कहा गया।

### कमियां पाए जाने पर तत्काल करें कार्यवाही

कलेक्टर और पुलिस कप्तान ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से थोक पटाखा बाजार के अंदर वाहनों के प्रवेश को सख्त से प्रतिबंधित किया जाये। इसके लिये पटाखा बाजार परिसर की बैरीकेटिंग करने के निर्देश दिये तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पटाखा बाजार से सुरक्षित दूरी पर रखने की हिदायत दी। इस दौरान कलक्टर और पुलिस कप्तान ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को थोक पटाखा बाजार का नियमित तौर पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये तथा सुरक्षा मापदंडो में कमियां पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करने कहा।

नगर निगम के अपर आयुक्त विद्यानंद वाजपेयी, एसडीएम अधारताल पंकज मिश्रा, तहसीलदार अधारताल संदीप जायसवाल एवं नगर निगम के फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

# शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

**वेबीनार में लगभग 55 शोध पत्र प्राप्त हुए**

गुरूवार को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में मप्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान एवं मानविकी का अंतर संबंध विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य संरक्षक डॉ पंजाबराव चंदेलकर क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग, विशिष्ट अतिथि एड माइकल प्रदीप कपूर, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति समिति, संरक्षक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष जाटव ने अपनी शुभकामनाएं प्रस्तुत की। प्रथम सत्र में डॉ भारतेंदु कुमार सिंह निदेशक ट्रिपल आईटीडीएम भारतीय ज्ञान परंपरा आधार एवं स्वरूप के विषय विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र विज्ञान एवं मानविकी के अंतर विषयक उदाहरण एवं प्रेरक व्यक्तित्व के विषय विशेषज्ञ के रूप में जुड़े रहे। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रो राजेंद्र कुमार कुडरिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज यूपी से तृतीय सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ शिव प्रसाद शुक्ल मौजूद रहे।

इस राष्ट्रीय वेबीनार में लगभग 55 शोध पत्र प्राप्त हुए और उनमें से 20 का वाचन शोधार्थियों और अध्यापकों द्वारा किया गया था। इस दौरान संयोजक डॉ राजश्री कपूर, सहसंयोजक डॉ ज्ञानेश पांडे, डॉ उषा मसराम डॉ सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# सोते रह गए मियां-बीवी, इधर चोरों ने कर दिया घर साफ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थाने में कमला प्रसाद पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी कछपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वे शिक्षा विभाग से रिटायर कर्मी है। विगत 13 अक्टूबर की रात वे अपनी पत्नी के साथ एक कमरे में सो गये रहे थे। रात के समय बाथरुम को उठे देखा दरवाजा खुला था तथा घर के अंदर कमरे का भी दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी का ताला टूटा था पूरा समान फैला था। जिसमें रखे सोने की 1 जोडी झुमकी कनझडी सहित, एक माला, चांदी का एक जोड पायल एवं नगदी 50,000 रुपये कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया फिर अपने आस-पास व मोहल्ले के लोगो को उठाकर सभी से बताया तभी पता चला कि मोहल्ले में धर्मेन्द्र पटेल के घर में भी चोरी हो गई है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# सरकार से प्रसार भारती मॉडल की मांग : एसएन पाठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जीसीएफ के विद्यानगर गेट पर आम सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने कहा सरकार द्वारा हम सभी सरकारी कर्मचारियों को दिए जाने वाले विकल्प के पहले सरकार को यह बताना चाहते हैं कि हम स्वयं अपना विकल्प पहले ही प्रस्तुत करना चाहते हैं। जिसमें हम सरकारी कर्मचारी बने रहेंगे एवं प्रसार भारती जैसा मॉडल चाहते हैं। जिससे रिटायरमेंट तक वह सभी सुविधाएं लेंगे जो सरकारी कर्मचारी नियुक्ति के समय तय किया गया था। श्री पाठक द्वारा लोगों को एडवांस ऑप्शन फॉर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार आपको दो विकल्प देगी या तो आप सरकारी रहे कर्मचारी रहेंगे या निगमीकरण के कर्मचारी चुनेंगे आपने सरकारी कर्मचारी चुना तो आपको सरप्लस सेल में डालेगी जिससे आपको कहीं और ट्रांसफर किया जा सकता है। जिसका आपको अनुभव न हो यह आपकी पुनर्निउक्ति होगा, आपकी सीनियरिटी लॉस होगा और वर्तमान में मिल रहे सुविधा जैसे हाउस रेंट अलाउंस ट्रैवलिंग एलाउंस चाइल्ड केयर अलाउंस जैसे कई अलाउंस से वंचित हो सकते हैं। श्री पाठक ने बताया कि कार्य निष्पादन सही न होने की स्थिति पर आपको 3 महीने की नोटिस पर कार्य मुक्त किया जा सकता है। सत्यता की जांच सभी मोबाइल फोन के मार्फत कर सकते हैं। कार्यक्रम में मजदूर संघ हथौड़ा के विनय गुप्ता, रोहित यादव, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, राजा पांडे, बीरबल पार्थ ओझा, राहुल गुप्ता, दीप विश्वकर्मा, जसवंत सिंह, वरिष्ठ नेता पीएम साहू आदि उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जब हम अपने देश में बनी वस्तुओं का उपयोग एवं उपभोग करेंगे तब ही हम अपने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था को पूर्णतया मजबूत करने की ओर आगे बढ़ेंगे स्वदेशी एवं वोकल फॉर लोकल का मंत्र ही अर्थव्यव्स्था की मजबूती के लिए आवश्यक है एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प ही आत्मनिर्भर भारत के आधार की नींव है यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित पूर्व एवं कैंट विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं।

भाजपा महानगर द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत पूर्व एवं केंट विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, अभियान के संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज आदि की उपस्थिति में किया गया। पूर्व विधानसभा का सम्मलेन सामुदायिक भवन घमापुर एवं केंट विधानसभा का सम्मलेन सिंधी धर्मशाला रांझी में आयोजित किया गया। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में हमें एक ऐसा नेतृत्व प्राप्त हुआ है जो प्रत्येक पल भारत को सशक्त एवं मजबूत बनाने की ओर आगे बढ़ रहा है 2014 से लगातार ही संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार ने कहा कि वोकल का लोकल का अर्थ ही अपने क्षेत्रीय उत्पादित वस्तुओं को अपनाना एवं उनका प्रचार करना है ताकि क्षेत्रीय नागरिकों को इसका लाभ प्राप्त हो। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि भाजपा का प्रमुख एजेंडा ही विकसित भारत है हम राष्ट्र प्रथम की भावनाओं को लेकर ही जन सेवा में आए हैं इस कारण हमारी सरकार निरंतर जनहितैषी एवं देश के हित में निर्णय लेने वाले कार्य कर रही है सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक को भी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर आगे बढ़ना है। इस अवसर पर महामंत्री रजनीश यादव, संतोषी ठाकुर, बाबा श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष गुड्डा केवट आदि उपस्थित रहे।



# अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग मप्र शासन एवं मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त संयोजन में जनपद के सभागार में अल्पविराम कार्यक्रम संपन्न हुआ। विकास खंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत मझौली मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेज प्रताप सिंह, जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं विकास खंड समन्वयक तृप्ति मिश्रा ने काशी विकास ग्राम समिति के अध्यक्ष सनिल यादव के संचालन में मंच पर गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की प्रस्तावना आनंद विभाग से मास्टर ट्रेनर जीडी कांबले, अर्चना शर्मा, दीप्ति ठाकुर ने अलग अलग सत्रों में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अनेक गतिविधियों के माध्यम से अपना पाथेय दिया। इस दौरान डॉ दीपक गायकवाड, परामर्शदाता नीरज दुबे, मनीष अवस्थी, सतीश पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जुआं फड़ पर पुलिस की दबिश, 6 गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेडाघाट थाने में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेवर में खेरमाई मंदिर के पास बिजली के खम्बे के नीचे कुछ जुआड़ी ताश पर रूपयों की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने अपने नाम सोमनाथ डुमार निवासी चौहानी मोहल्ला गढ़ा, रोहित कोरी निवासी दुर्गावती नगर फेस 2 तिलहरी गोराबजार, सुभाष पाटिल गंगानगर संजीवनीनगर, निखलेश महावर निवासी शुक्लानगर मदनमहल, अमन सिंह ठाकुर निवासी सुभाषनगर धनवंतरीनगर थाना संजीवनीनगर, आशीष चौधरी निवासी न्यू लाल बाबा संजीवनीनगर बताये जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 2 हजार 950 रूपये जब्त करते हुए कार्यवाही की।

### मंझले भाई ने घोंपा चाकू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाने में मारपीट में घायल छोटू कुशवाहा का उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किये जाने की सूचना पर मेडिकल कॉलेज पहुंची पुलिस को गोविन्दा कुशवाहा उम्र 34 वर्ष निवासी सिंधी केम्प पुलिस चौकी के पीछे हनुमानताल ने बताया कि वह मजदूरी करता है। विगत दिन वह अपने सबसे छोटे भाई छोटू कुशवाहा उम्र 25 वर्ष के साथ जीत जांगड़े के घर में पुताई करके खाना खाने के लिये घर आया। घर पर मां मायाबाई, उसकी पत्नी रोशनी एवं मंझला भाई रामू कुशवाहा घर पर ही थे। घर आकर छोटू ने मंझले भाई राम से कहा कि कहीं पर पुताई का काम लेते हो तो उस काम को पूरा करना चाहिये कहकर दोनों भाई आपस में झगडा करने लगे। उसने दोनों को मना कर समझाया तो दोनो अलग अलग हो गये, मंझले भाई रामू ने घर मे रखे स्पीकर की आवाज तेज कर दी तो छोटू ने कहा कि स्पीकर की आवाज कम करो, रामू ने आवाज कम करने से मना कर दिया, फिर दोनों झगडा करने लगे, छोटू ने रामू को 2 थप्पड़ मार दिये तो रामू गुस्से में आकर घर से चाकू निकालकर हमलाकर छोटू के पेट में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# 8333 बच्चों ने निबंध लिखकर तोड़ा पिछला रिकॉर्ड






### जिले की सबसे बड़ी निबंध प्रतियोगिता मित्रसंघ एवं नगर निगम द्वारा आयोजित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मित्र संघ द्वारा नगर निगम के सहयोग से तथा मेगा माइंड के साथ आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के 6वें वर्ष का पुरस्कार वितरण उमंग, उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके पश्चात स्कूली-छात्राओं ने देशभक्ति, स्वच्छता जागरूकता की शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं का उत्साह देखने को मिला। जिसका उदाहरण तालियों की गडगड़ाहट से सुनाई दिया। वहीं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने इस उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। वर्ष 2019 में प्रारंभ इस प्रतियोगिता के आयोजन का यह छठवां वर्ष रहा। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 8,333 बच्चों ने निबंध लिखकर पिछले वर्ष आयोजित हुई प्रतियोगिता का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने एमएलबी स्कूल मैदान में उपस्थित छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महापौर ने मित्र संघ के संस्थापक अजित वर्मा द्वारा प्रारंभ कराई गई इस निबंध प्रतियोगिता को भव्य रूप देने के लिए आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सांसद आशीष दुबे ने निबंध प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि निबंध प्रतियोगिता का ऐसा आयोजन उन्होंने पहली बार देखा है। यह अभूतपूर्व निबंध प्रतियोगिता है। यह आयोजन ना सिर्फ स्वच्छता को लेकर जागरूक कर रहा है बल्कि देश को भी मजबूत कर रहा है।

### 120 स्कूलों ने लिया भाग

मित्र संघ द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में जबलपुर के 120 स्कूलों ने भाग लेकर एक रिकार्ड कायम किया है। शहर में यह पहला मौका था, जब एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा व अभिभावक एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने यह भी घोषणा की कि अगले वर्ष यदि निबंध प्रतियोगिता में दस हजार से अधिक बच्चे भाग लेते हैं तो प्रथम विजेता को एक लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी और यदि इस संख्या से कम बच्चों ने भाग लिया तो 51 हजार रूपये की राशि दी जाएगी। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी, विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे, विधायक नीरज सिंह, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज आदि उपस्थित रहे। जिनका सम्मान मित्र संघ के अध्यक्ष सच्चिदानन्द शेकटकर, परितोष वर्मा, शालिनी वर्मा, शुभम् शुक्ला, महेश झारिया, विरेन्द्र यादव, वीजेन्द्र मेवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम तिवारी ने किया।

# सरकार के खिलाफ किसान व कांग्रेस में दिखा आक्रोश सरकार पर जमकर बिफरे विक्की, संजय और अनुभा






बालाघाट (स्वतंत्रमत)।

मप्र सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ 16 अक्टूबर को कांग्रेस का किसानो के साथ प्रदर्शन देखने मिला। जहां धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये और गेंहू का मूल्य 2700 रूपये किये जाने की मांग को लेकर किसान व कांग्रेसी मुखर होते नजर आये। इस पूरे प्रदर्शन को लेकर किसानो ने कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेय कार्यालय से बैलगाडी से किसान क्रांति यात्रा निकाली और शहर का भ्रमण करते हुए आंबेडकर चौक पहुंचे। जहां किसान व कांग्रेस की आमसभा हुई।

कांग्रेसियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में विगत 2003-04 से भाजपा की सरकार काबिज है, जहां पिछले 22 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी मप्र में शासनकाल चला रही है। हमारा मध्यप्रदेश कृषि प्रधान होने के बावजूद हमारे किसान सरकार की घोर उपेक्षा और किसान विरोधी नीतियों का सामना कर रहे है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किसानों के वोट हथियाने के लिए लोक लुभावने वादे करती हैं और फिर किसानों के साथ विश्वासघात करती है। आज किसान परेशान है, जिसकी सूध कोई नही ले रहा है। कांग्रेस ने हमेशा किसान-मजदूरो को साथ दिया है आरै किसानो के लिये सड़क से लेकर सदन तक लडाई लड़ रही है। लेकिन भाजपा सरकार ने हमेशा आवाज को कुचलने का काम किया है।



विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि हम धान उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल रू 3100 रूपये और गेहूं उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल 2700 रूपये का समर्थन मूल्य देंगे, लेकिन आज भाजपा की सरकार बने दो वर्ष हो चुके हैं, परंतु हर बार की तरह इस बार भी भाजपा सरकार ने किसानों से निराश किया है और अपना वादा पूरा नही कर रही है। लाड़ली बहनो को तक 03 हजार रूपये नही दे पा रहा है और भाजपा बिहार में चुनाव है तो बहनो को 10 हजार रूपये प्रतिमाह देने का दम भर रही है। उन्हे पहले अपनी जेब चेक कर लेनी चाहिये। यदि सरकार के पास इतना फंड है तो फिर मप्र में बहनो को 03 हजार रूपये क्यो नही दे पा रहे है।बालाघाट विधायक अनुंभा मुंजारे ने बताया कि 24 सितंबर मुख्यमंत्री कटंगी आये थे, हम कांग्रेस विधायको ने उन्हे घेरने का निणर्य लिया था, लेकिन पुलिस ने हमे 10 किमी पहले ही रोक लिया। हमे आज जाने नही दिया, यह शोषित पीड़ितो की आवाज दबाने का षडंयंत्र नही तो और क्या है? भाजपा सरकार लोकतंत्र एवं किसान विरोधी सरकार है। हमारी मांग है कि किसानो को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए तत्काल दिया जाये। साथ ही गेहूं का समर्थन मूल्य न्यूनतम 2700 रुपए किया जाये। इसके अलावा किसानों की सिंचाई के लिए 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराई जाए। क्योकि जिले समेत प्रदेश भर में बिजली की आंख मिचौली कर खेल चल रहा है, जिससे किसान परेशान है। उन्होने मंच से जिले की नहरो व माईनरो की स्थिति पर भी बात रखी। कहां कि जिले में ढुटी बांध, गांगुलपारा जलाशय, टेकाडी जलाशय, मुरुमनाला जलाशय, कटंगझरी जलाशय, पाथरी जलाशय, चावरपानी जलाशय, कामथी जलाशय, जाम जलाशय, मोहगाँव जाम जलाशय है, लेकिन किसानो को समय पर पानी नही मिल रहा है। अपने उद्बोधन के दौरान बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरें पर जमकर प्रहार किया। उन्होने कहा कि ये रामकिशोर कावरें, मुंजारे परिवार से हिसाब पूछ रहे है और कह रहे कि हमारे पास गाडीया कहा से आई। जहां विधायक मुंजारे ने अपने वाहनो से सदंर्भ में मंच से विस्तृत ब्यौरा दिया और कहा कि हमने ईमानदारी से अपनी आय अनुसार वाहन फायनेंस पर खरीदा है और उसकी मासिक किश्त का भुगतान किया जाना भी बताया। इसी उन्होने रामकिशोर कावरें पर प्रश्न दागे और कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरें भी बताये कि ये करोडो की राईस मिल, उष्णा प्लांट, आईल फैक्ट्री कहा से आई। करोडो का बंगला कहा से आया।

# छत्तीसगढ़ के तोता तस्करों पर वन विभाग की कार्यवाही

## जाल बिछाकर शिकार, तस्करी बाद छ.ग में व्यापार

## शिकारियों में दो सगे भाई, दो नाबालिग शामिल

**बालाघाट।** वनो से आच्छादित बालाघाट जिले में वन्यजीव व दुर्भल वन्यप्राणियो का शिकार आम बात होती जा रही है। जहां कुछ मोर्चे पर वन विभाग सक्रिय नजर आता है तो कही निष्क्रियता व लापरवाही भी उजागर हो जाती है। जिसके पीछे शिकार तत्व अपने मंसूबो पर कामयाब हो जाते है। लेकिन अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए वन विभाग के उड़नदस्ते की टीम ने तोता तस्करो के खिलाफ बडी कार्यवाही की है। जो जाल बिछाकर जंगली तोते पकडते थे और उन्हे छग में तस्करी कर बेचने का व्यापार करते थे। इस कार्यवाही में अमले ने तस्करो के कब्जे से करीब 22 नग भारतीय तोते बरामद किये है। साथ ही शिकार के लिये बिछाई गई जाल व मोटरसाईकिल भी जप्त की है। दरअसल यह कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में उड़नदस्ता दल प्रभारी अजय चौरे के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल के कर्मचारी राजेन्द्र कुमार मडामे, राकेश कुमार सनोडिया वनपाल, सौरभ यादव, तिलक सिंह राहंगडाले वनरक्षक, शम्भू यादव वाहन चालक उड़नदस्ता दल ने पश्चिम लांजी (सा.) परिक्षेत्र के अंतर्गत राजस्व ग्राम कुमारीकला में कार्यवाही की। जहां शेरसिंह पिता अमृतलाल निवासी अछोली, डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ) एवं अन्य चार आरोपियों को अवैध रूप से भारतीय तोता को जाल बिछाकर शिकार करते हुए पकड़ा गया। यहां 15 अक्टूबर को उड़नदस्ता दल वन वृत्त



बालाघाट को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पश्चिम लांजी (सा.) परिक्षेत्र के अंतर्गत राजस्व ग्राम कुमारीकला में काफी दिनो से अवैध रूप से वन्यपक्षी तोता को जाल बिछाकर पकड़ा जा रहा है। जहां खेत में शिकारियो द्वारा जाल बिछाकर तोता को पकड़ा जा रहा था। जिन्हे मौके पर ही दबोचा गया। शिकारी शेरसिंह पिता अमृतलाल उम्र 25 वर्ष ग्राम अछोली, डोंगरगढ़, उसके भाई सुमेरसिंह उम्र 28 वर्ष, भारत पिता जीवन उम्र 16 वर्ष ग्राम खोबाटोला, डोंगरगढ, संतोष पिता कन्हैया उम्र 24 वर्ष ग्राम बोरसी, बेमेतरा (छत्तीसगढ) तथा विनय पिता बुधारसिंह उम्र 16 वर्ष ग्राम अछोली, डोंगरगढ (छत्तीसगढ)को गिरफ्तार किया। जहां शिकारियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओ के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 16158/12 दिनांक 15.10.2025 दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की। वही उनके कब्जे से 22 नग जीवित भारतीय तोते, 02 नायलॉन जाल एवं 03 मोटर साइकल, लॉकेट (दांतनुमा) जप्त किया गया।

# खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त छापामार कार्यवाही

## रेत एवं मुरम का अवैध खनन करने पर 05 ट्रेक्टर एवं 01 जेसीबी मशीन जब्त



**बालाघाट।** कलेक्टर मीना के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही कर रेत एवं मुरम के अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 05 ट्रेक्टर एवं 01 जेसीबी मशीन को जब्त किया गया है।

जब्त किये गये वाहनों के मालिकों के विरूद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।14 अक्टूबर को नायब तहसीलदार पीएल सांडिया, खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते और थाना तिरोड़ी के पुलिस जवानों द्वारा तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोनकट्टा बावनथड़ी नदी में छापामार कार्यवाही की गई। संयुक्त रूप से की गई इस कार्यवाही के दौरान रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 03 वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में थाना तिरोड़ी में खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार खनिज निरीक्षक श्री कुलस्ते द्वारा 15 अक्टूबर को वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम रामपायली में कार्यवाही कर शासकीय आबादी क्षेत्र से मुरूम का अवैध खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर 01 जेसीबी मशीन एवं 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस थाना रामपायली की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

# गजब काफजींवाड़ा, अफसर कर रहे बर्दाश्त

## थोक में फर्जी जाति प्रमाण पत्र का खेल, कार्यवाही करने में छूट रहे पसीने




**बालाघाट।** जिले में फर्जीवाड़ा का खेल धड़ल्ले से चल रहा हैं वो भी थोक के भाव। मजाल हैं कि जिम्मेदार कार्यवाही की जहमत भी उठा लें। जाँच का हवाला देकर पिछले कई महीनों से यह गंभीर मामला उलझा हुआ ही हैं। फर्जीवाड़ा के खेल में जिम्मेदार प्रशासन की ऐसी मेहरबानी चल रही हैं कि फर्जी प्रमाण पत्र हो या फर्जी जाती प्रमाण पत्र हो या अन्य प्रमाण पत्रों का फर्जीवाड़ा अब सबको हैरान कर रहा है। जहां ऐसे मामले बालाघाट जिले को न सिर्फ कलंकित कर रहे हैं बल्कि फर्जीवाड़ा करने वाले लोग नौकरी करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं का लाभ भी लें रहे हैं।

शिकायत कर्ताओ की माने तो फर्जीवाडा करके योग्य लोगो का अधिकार भी डकार रहे हैं। अब इस मामले में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे भी फर्जीवाडा को जानकर हैरान हो चुकी है। जिसके बाद उन्होने मामले में लिप्त अधिकारी और लोगो पर कार्यवाही की मांग की हैं। उन्होने कहा कि यदि कार्यवाही नही होती, तो यह मामला शीत-कालीन विधानसभा में उठाया जायेगा। दरअसल, मछुवा संघ के द्वारा की जा रही शिकायत को देखें तो पिछले कुछ माह से लालबर्रा क्षेत्र के कई गांव में थोक के भाव दर्जनों लोगो के द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सामान्य सिंगरौड़ जाति से अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में कहार,ढीमर, सिंगराह, मांझी जाति का प्रमाण पत्र बना लिए हैं।

वंही एक ही परिवार में चार जाति का प्रमाण पत्र जारी करने और एक व्यक्ति के नाम चार जाति का उल्लेख करने जैसे चौकाने वाले मामले भी उजागर हो रहे हैं। जिसकी शिकायत मछुवा समाज के लोगो के द्वारा करते हुए धरना प्रदर्शन और आंदोलन किये गए। लेकिन बार बार जाँच का हवाला देकर शिकायतकर्ताओ को डेढ़ वर्ष से गुमराह किया जा रहा हैं। अब इस मामले में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने हैरानी जताई है और कहा कि कार्यवाही नही हुई तो मामले को विधानसभा में उठाया जायेगा।

# एसपी के निर्देशन में सायबर जागरूकता अभियान



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** भारत सरकार द्वारा माह अक्टूबर को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता रहा है जिसके उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत जिले के स्कूल. कॉलेज. अनाथालय. शासकीय - अशासकीय संस्थानो में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया सीताराम के निर्देशन में उमरिया पुलिस द्वारा स्कूलो में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# सस्ती लोकप्रियता पाने जीतू पटवारी की ओछी राजनीति : आशुतोष अग्रवाल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पटवारी सस्ती लोकप्रियता और मीडिया में सुर्खियां बटोरने के चक्कर में ओछी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के द्वारा बगैर किसी सूचना के केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले का घेराव करने पहुंच गए। जबकि किसी भी चीज का विरोध करना हो या बातचीत करने हो तो उसकी सूचना पूर्व में दी जानी चाहिए। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी कुछ किसानों और अपने समर्थकों के साथ जबरन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले पर सोयाबीन की बात करने को लेकर पहुंच गए



लेकिन वह अपने साथ सोयाबीन की जगह गेहूं की बोरियों लेकर गए। इसी से साफ झलकता है कि कांग्रेस नेता है सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोरना चाहते हैं उन्हें किसानो या उनकी समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इतने संवेदनशील है कि इतने के बाद भी उन्होंने जीतू पटवारी सहित कुछ लोगों को बातचीत के लिए अंदर बुला लिया।लेकिन इस तरह का जबरिया विरोध कही से उचित नहीं है। श्री अग्रवाल ने जीतू पटवारी के इस हरकत की घोर निंदा की है।

# आत्मा योजनान्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित होगें जिले के किसान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** गुरुवार 16 अक्टूबर को परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्डों से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकतें है।

# राष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात

उमरिया (स्वतंत्रमत)

राज्य स्तरीय महिला किसान दिवस का आयोजन रविन्द्र भवन भोपाल में अजीविका मिशन अंतर्गत 15-10-2025 को हुआ जिसने उमरिया जिले से श्रीमति सविता सिंह ग्राम-नरवार 29, श्रीमति शशि पटेल एवं क्षमा पटेल ग्राम कठार, मानपुर, श्रीमति राधा देवी सिंह एवं मालती सिंह ग्राम मुदरिया, पाली समृद्ध कृषक के रूप में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय कृषि मंत्री जी को समूह समृद्ध महिला कृषकों के द्वारा प्राकृतिक खेती के उत्पादों का प्रदर्शन और अवलोकन कराते हुये जानकारी दी।

ये महिला कृषक उद्यमी है तथा गाँव गांव और जिलेभर



प्राकृतिक खेती का प्रचार प्रसार करती है। तथा स्वसहायता समूह (गायत्री समूह नरवार-29) शिवपुरी आश्रम समूह,अहिल्या बाई समूह कठार एवं उन्नति समूह मुदरिया के सदस्य है।

# सक्षम ईयर 2 मॉड्यूल का हुआ विमोचन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बुधवार 15 अक्टूबर को कन्या शिक्षा परिसर पाली में जनजातीय कार्य विभाग व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम के तहत् ईयर 2 के लाइफ स्किल मॉड्यूल कक्षा 7-10, जेंडर मॉड्यूल कक्षा 6-10 एवं रोजगार शिक्षा मॉड्यूल कक्षा 11-12 का विमोचन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य डॉ. पूजा द्विवेदी,सरिता जैन विकास खंड शिक्षा अधिकारी पाली एवं संतोष शिवहरे बीआरसीसी पाली द्वारा किया गया।

विदित हो जेएसडब्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया है, जिसे विमोचन के उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा संबंधित विद्यालयों को वितरित किया गया, इससे सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग मिलेगा। संतोष राजपूत द्वारा उनके इस सहयोग के लिए विभाग द्वारा उन्हें



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने कहा कि संकुल स्तर पर जन शिक्षक प्रत्येक माह की 20 से 25 तारीख के बीच समीक्षा करें। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में दो दो विद्यालयों को ष्सक्षम मॉडल बनाएं, ताकि आसपास के विद्यालय उनसे प्रेरणा लेकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जिले में सभी को टीम भावना से कम कर जिले की प्रगति के लिए निर्देशित किया।सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह को प्रगति की रिपोर्ट हर माह की 27 तारीख को उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहा,ताकि माह के अंत में निर्धारित गतिविधियों का शत प्रतिशत संचालन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके।

विदित हो कि गत वर्ष सक्षम कार्यक्रम में उमरिया जिला मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान माध्यमिक शाला बिंझला टोला से रजनीकांता खरे द्वारा अपने विद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस साझा करते हुए कार्यक्रम से विद्यार्थियों के जीवन में आ रहे परिवर्तनों के सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई मेरी सीख की किताब का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले और सक्षम कार्यक्रम के बाद क्या परिवर्तन हुए उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पांडेय द्वारा किया गया।

कार्यशाला में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली के प्राचार्य तेन सिंह रघुवंशी, सभी मास्टर ट्रेनर्स संजय पाण्डेय, वीरेंद्र गर्ग, सरिता गुप्ता, सभी बीएसी, जनशिक्षक व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संजय गौतम, नागूलाल हाड़ा, अविनाश वर्मा, महारान प्रताप सिंह परमार, संदीप मिश्रा, नीरज तिवारी, ब्लॉक प्रबंधक संदीप शुक्ला व कन्या शिक्षा परिसर पाली के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल: अतिक्रमण के नाम पर भरी दीवाली में बेबस कमजोर लोगों के व्यवसाय पर चला बुलडोजर

मण्डला(स्वतंत्रमत)

भरी दिवाली में अचानक अतिक्रमण हटाने नगर पालिका और राजस्व विभाग का अमला स्टेट बैंक मार्ग पहुंच गया। बिना किसी सूचना के पहुंचे दल को देखकर पथविक्रेता परेशान हो गए। यहां पर जैसे तैसे अपने परिवार का गुजर बसर करने वाले गैरिज संचालक, मोची, होटल, सैलून दुकान, चाय की गुमटी, फुटपाती दुकानदार सहित पथविक्रेता पर दल ने हमला कर दिया। वजह कोई खास नही लेकिन अतिक्रमण हवाला देकर भरे त्यौहार में लगभग एक दर्जन परिवार की दिवाली बेरौनक कर दी गई। अमला सुबह से देर शाम तक जमा रहा जो कभी एसडीएम का आदेश तो कभी कलेक्टर का आदेश तो कभी भोपाल का आदेश पीड़ितो को बताते रहे न कोई आदेश दिखाया न कोई पूछताछ की और न ही दुख दर्द समझा और देर रात तक अतिक्रमण हटा दिए गए। भूखे प्यासे पथ विक्रेता नेताओं की राह तकते रहे लेकिन न तो स्थानीय पार्षद पहुंचे और नही कोई नेता मजेदार बात यह है कि इस पूरे खेल में कांग्रेस की खमोशी और भाजपा नेताओं की जिला प्रशासन में सुनवाई न





होना इस ओर इंगित करता है कि जिला प्रशासन मर्जी से ही इस जिले को चलाएगा यहीं नही भाजपा के नगर अध्यक्ष शिवा रानू ठाकुर ने इन पीड़ितो का दर्द तो नही समझा लेकिन सोशल मीडिया में बाहवाही लेने के लिए फर्जी पोस्ट डाल दी और लिखा है कि प्रशासन से बात की जा चुकी है फिलहाल अतिक्रमण नही हटेंगे लेकिन अतिक्रमण हट चुके है और जिनका नुकसान हुआ है वे खून के आंसू रो रहे है दो दिन बाद दिवाली है घरो में पूजा पाठ और दीपक जलाने की तैयारी चल रही है ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारी किसी परिवार की किसी बच्चों की दिवाली कैसे खराब कर सकते है मानवता इंसानित है कि नही यह भी अब चर्चा में आ गया है जबकि इसी क्षेत्र में कांग्रेस के एक पार्षद का जनरेटर और सीढ़ी आज भी रोड में दिखाई दे रही है यहीं नही कांग्रेस के एक नेता की दुकानदारी तहसील कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग में विगत साल भर से चल रही है दुकान निर्माण के नाम पर मुख्य मार्ग में अस्थाई अतिक्रमण कर बर्तन दुकान और मेडीकल चलाया जा रहा है ऐसे सैकड़ो अतिक्रमण है जिसके आदेश निर्देश जिला प्रशासन के न्यायालीन विभाग से हुए हैं क्या यह सभी अतिक्रमण हटाए दिए गए लेकिन ऐसा नही है कुल मिलाकर चिन्हित गरीब लोगों को अतिक्रमण हटाकर कागजी खानापूर्ति मंडला जिले की परम्परा रही है। वहीं जहां पूरा शहर अतिक्रमण का शिकार है उस समय दिवाली दो दिन पहले अतिक्रमण विरोधी मुहीम चलाना और खास तरीके से कुछ ही लोगों को टारगेट करके कार्रवाई करना प्रशासन का बड़ा ही नंदनीय काम है अतिक्रमण करना ग़लत है पर विरोधी महिम चलना है तो पूरे शहर में चलना जरूरी है पर त्यौहार पर रोजगार छीनना गलत है पूरे शहर में काम से कम 5000 से ऊपर अवैध अतिक्रमण है पूरी नालियां गायब है चिलमन चौराहा से लेकर बड़े चौराहा तक एक बड़ा नाला पूरा गायब है बुधवारी से लेकर उदय चौक तक पूरी दोनों साइड की नालियां गायब है चिलमन चौक से पडाव नालियां गायब है 2023 में नगर पालिका ने मंडला के सभी बैंक इसमें मुख्यत: चिलमन चौक से पड़ाव के बैंक एवं बड़ चौराहा से स्टेट बैंक तक बैंक को नोटिस दिया था यहां बैंकों द्वारा यदि 1000 स्क्वायर फीट जमीन है तो 1200 में कंस्ट्रक्शन किया गया है के नियम के तहत 80 प्रतिशत अधिकतम निर्माण हो सकता है संबंध में 15 से अधिक बैंकों को नोटिस गया था बैंकों के पास पार्किंग नहीं है। जिले में रसूखदार अतिक्रमणकारियों पर आखिर क्यों कार्यवाही नहीं की जा रही है जब-जब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया तब-तब छोटे अतिक्रमणकारियों को ही निशाना बनाते हुये उन्हें नेश्तनाबूद किया गया। इसके अनेक उदाहरण नगर में देखे जा सकते हैं। विगत माह कलेक्ट्रेट मार्ग में चाय-पान की गुमटी जमाये युवाओं को यहां से आनन-फानन में बेदखल किया गया, न नोटिस दिया गया और ना ही समझाईश। कलेक्टर का आदेश बताकर अतिक्रमण हटा दिये गये। यहां लगभग सात परिवार अपना जीवन-यापन करने को लेकर चाय, नाश्ता की दुकान संचालित कर रहे थे। इनको हटाने के बाद इस बात की चर्चा नगर में जमकर है कि आखिर अतिक्रमण कार्यवाही में गरीबों को ही निशाना क्यों बनाया जाता है? सरकारी नाले, पुल-पुलिया में बड़ी-बड़ी इमारतें बनाकर शहर की व्यवस्था को तार-तार करने वाले रसूखदार से प्रशासन और जनप्रतिनिधि किस बात का खौफ खाते हैं? यह सवाल हर तरफ सुनाई दे रहा है। अतिक्रमण के चलते मुख्य मार्ग की सडक़ों से निकलना मुश्किल हो गया है। व्यापारी मार्ग में अपनी दुकान सजाकर रखे हुये हैं इनको हटाने को लेकर कागजी कार्यवाही अधिक दिखाई देती है। वहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बेच देने का व्यवसाय अत्याधिक लाभ का धंधा बन गया है।

## छात्राओं का स्वागत समारोह

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** एकलव्य योजनांतर्गत संचालित ब्रांच कम्प्यूटर साइंस इंजी. इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकम्युनिकेशन इंजी. तथा इलेक्ट्रिकल इंजी. में 100 प्रतिशत प्रवेश की उपलब्धि प्राप्त करने उपरांत नवप्रवेशित छात्राओं का संस्था में अध्ययनरत वरिष्ठ छात्राओं द्वारा सोमवार को स्वागत किया गया। एसडीएम श्रीमति सोनल सिडाम ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अपने उपलब्धि और लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें इसके लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

## समीक्षा 23 अक्टूबर को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा 23 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे सीएम हेल्पलाईन के विभागों व विषयों लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान की समीक्षा की जायेगी। अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित जानकारी 17 अक्टूबर तक लोकसेवा गारंटी कार्यालय कलेक्ट्रेट में जमा करें तथा समीक्षा में समस्त जानकारी सहित उपस्थित होवें।

## कलेक्टर के निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त दल बनाकर संबंधित क्षेत्र में लगायी जाने वाली पटाखा दुकानों का निरीक्षण नियमित रूप से करें। ताकि पटाखों की अवैध बिक्री और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## करिश्मा को मिले 10 हजार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई अब केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि त्वरित न्याय और मानवीय सहायता का केंद्र बन गई है। कलेक्टर के निर्देश और प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण अब आवेदकों को सिर्फ आश्वासन नहीं मिलता उनकी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण हो रहा है। आवेदकों द्वारा जिला प्रशासन की कार्यशैली पर खुशी और संतोष जाहिर कर रहे हैं।

## क्लीनिक सील दवाइयां जब्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में संचालित दवा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम दानीटोला में संचालित मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में अमानक एवं एक्सपायरी दवाइयां पाई गईं जिन्हें मौके पर ही जप्त किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि मेडिकल स्टोर किसी अन्य फार्मासिस्ट के नाम पर संचालित किया जा रहा था जबकि संचालक के पास फार्मासिस्ट की मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं थी। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक दोनों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

## गौ-हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूसा ग्राम पंचायत बर्राई गांव से एक बार फिर से आस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। गांव की धार्मिक भावना और संस्कृति के केंद्र माने जाने वाले खैर माता मंदिर के सामने गौ माता की निर्मम हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला युवक वेद सिंह नरते महज 24 से 25 वर्ष के लगभग का है जो हाल ही में एक क्रिश्चियन मिशन से पास्टर की ट्रेनिंग लेकर गाँव लौटा था गांव के लोगों में गहरा रोष है और वे इस घटना को सिर्फ एक हत्या नहीं बल्कि उनकी आस्था और संस्कृति पर हमला मान रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद परिषद बजरंग दल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की माँग की है

## 10 दिवसीय व्यास दक्षता वर्ग का समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

एकल अभियान श्रीहरि कथा प्रसार योजना संभाग महाकौशल भाग रेवांचल अंचल मंडला के द्वारा मां नर्मदा तट सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में 10 दिवसीय व्यास दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रूप में एकल अभियान प्रभाग उपाध्यक्ष यतिन्द्र उपाध्याय उपस्थित हुए समापन सत्र कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेश्याम यादव केंद्रीय प्रशिक्षण टोली सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति सरिता अग्निहोत्री रही। संभाग हरि कथा



सत्संग केन्द्र एवं वर्ग प्रभारी सुश्री अनामिका बैरागी अंचल महिला समिति अध्यक्ष श्रीमति प्रिया धुर्वे, महिला समिति से सावित्री साण्डेल एवं हरि कथा अंचल समिति सदस्य श्रीमति विनीता दुबे उपस्थित रही केन्द्रीय प्रशिक्षण टोली राधेश्याम यादव प्रभाग से कार्यालय प्रमुख लखन धरवरे, प्रभाग व्यास अजय शरण संभाग कार्यालय प्रमुख राजकुमार डेहरिया संभाग व्यास नितेंद्र शरण संभाग हरि कथा कार्यालय प्रमुख सुमेरी यादव अंचल अभियान प्रमुख संजय एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं को उपहार स्वरुप राम नाम पट्टी से कार्यकर्ताओं को अलंकित किया गया। प्रिया धुर्वे ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया। रामचरित मानस नवाह्न पाठ पूर्ण होने पर हवन किया गया। जिसके मुख्य यजमान राजकुमार हरदहा अपनी धर्म पत्नी सहित युगल जोड़ी के साथ हवन में शामिल हुए।

## महाविद्यालय के नवीन भवन का उद्घाटन



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

शासकीय स्नातक महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं वर्ल्ड बैंक के वित्तपोषण में नव निर्मित कला एवं विज्ञान भवन में प्रवेश एवं पूजन कार्यक्रम नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया के मुख्य आतिथ्य में तथा डॉ संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रफुल्ल मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा, पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक बिछिया, रजनी मरावी अध्यक्ष नगर परिषद बिछिया, जयदत्त झा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, महेंद्र पटेल जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र राठौर, शशिकांत श्रीवास्तव जिला मंत्री भाजपा मंडल, अजय पूरी गोस्वामी जिला योजना कार्य समिति मंडल एवं पार्षद,महेंद्र राठौर जिला उपाध्यक्ष भाजपा,प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया, राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष भूतपूर्व छात्र समिति बिछिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों छात्र अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। प्राचार्य दिनेश कुमार चित्रिव ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा महाविद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मंच संचालन सुखदेव सिंह वरकडे सहायक प्राध्यापक एवं आभार अनिल कुमार परते सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, समस्त एसडीएम, आरटीओ बिमलेश कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यातायात नियमों के पालन सड़क चिन्हों की स्थिति, दुर्घटनारोधी उपाय और जागरूकता कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा, लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया जाए। चिन्हित किए गए 10 ब्लेक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही करने स्कूल बसों एवं यात्री बसों की जांच वाहनों का फिटनेस और परमिट चैक किया जाए।

## पोषण माह के समापन पर कार्यक्रम



मण्डला(स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के समापन अवसर पर परियोजना मंडला सैक्टर-2 द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोकल फॉर वोकल थीम को केंद्र में रखते हुए पारंपरिक एवं पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से हांडी में पका हुआ दूध दही, पत्तों से बने दौना पत्तल और लोहे की कढ़ाई जैसे पारंपरिक बर्तनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। इन सभी का उद्देश्य पोषण के साथ-साथ स्वदेशी संसाधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी ने उपस्थित महिला-पुरुषों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा कोदो कुटकी आदि न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि पोषण से भरपूर भी होते हैं। हमें अपने बच्चों एवं परिवार को इनसे बने व्यंजन खिलाकर कुपोषण को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का संदेश देते हुए स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। वहीं कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में आठवे राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन जन आंदोलन के रूप में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पोषण माह की थीम अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्थानीय उत्पादों, खिलौनों, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग एवं स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने, स्थानीय व्यंजनों का प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## कृषकों की समस्यायों को लेकर बैठक सम्पन्न





नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर अनुविभाग के अंतर्गत किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक सामूहिक बैठक का आयोजन तहसील कार्यालय के बैठक कक्ष में रखी गई। बैठक में कृषक संगठन के पदाधिकारी कृषक व विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के किसानों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों समस्याओं जैसे नरवाई प्रबंधन, नहर, सिंचाई, रसायनिक खाद्य वितरण, हैप्पी सीडर, सुपरसीडर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम नैनपुर आषुतोष महादेव सिंह ठाकुर, सहायक संचालक कृषि मंडला, जिला विपणन अधिकारी मंडला, विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

## द ग्रेट खली के आगमन पर आमंत्रण

मण्डला(स्वतंत्रमत)

अजेय मंडला के नेतृत्व में 29 अक्टूबर को एक भव्य कार्यक्रम आयोजना किया जा रहा है जिसमें देश-विदेश में प्रसिद्ध पहलवान द ग्रेट खली का मंडला आगमन हो रहा है। इस कार्यक्रम को सफल सुरक्षित एवं अनुशासित स्वरूप से सम्पन्न कराने आयोजन समिति ने समय रहते तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में औपचारिक निमंत्रण दिया जा रहा है बीते दिनों पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, थाना प्रभारी महाराजपुर जयसिंह यादव, समाजसेवी अमेरेश सिंह से भेंट कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए निमंत्रण पत्र दिया गया। साथ ही इस आयोजन को शांतिपूर्ण एवं अनुशासनपूर्वक संचालन करने की सलाह दी। उन्होंने आयोजन समिति को अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करना भीड़ नियंत्रण एवं यातायात नियंत्रण की ठोस योजना आपातकालीन



प्रबंधन व प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था कार्यक्रम स्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों में पुलिस सतर्कता अजेय मंडला इस विश्वास के साथ कार्य कर रहा है कि यह आयोजन मंडला एवं आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक सद्भाव, एकता और सकारात्मक संदेश को बढ़ावा देगा। समिति सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय सुरक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारियों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करती है।

## भारत कृषक समाज के द्वारा जंगी प्रदर्शन आज

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत कृषक समाज अपनी समस्याओं को लेकर आज नैनपुर में प्रदर्शन कर ट्रेक्टर रैली निकालेंगे। भारत कृषक समाज के आह्वान पर ट्रैक्टर रैली का प्रदर्शन प्रशासन द्वारा जारी पराली जलाए जाने पर प्रतिबंधित आदेश और अन्य समस्याओं को लेकर किया जाएगा। कृषक समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पराली जलाने के आदेश का विरोध कृषकों द्वारा किया जाने पर उसका विकल्प ढूंढने को कहा गया। भारत कृषक समाज के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह एवं तहसील अध्यक्ष अवनीश ठाकुर द्वारा बताया गया कि सभी कृषक बंधु रैली में अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे। यह रैली निवारी तिराहा से होकर थांवर पुल तक प्रदर्शन करती हुई निकाली जाएगी। कृषको का कहना है कि प्रशासन द्वारा दिए गए प्रस्ताव के उपकरणों को डेमो कराकर कृषकों को दिखाया जाए एवं उपकरणों की उपलब्धता कराई जाए ताकि किसान इनका उपयोग कर सके। कृषको ने इसके लिए एक वर्ष का समय देने की मांग की है। ताकि किसान इन उपकरणों के उपयोग से संतुष्ट हो सके। किसानों ने प्रशासन से गुहार की है कि पराली जलाने पर एक वर्ष तक कृषकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही ना की जाए ताकि कृषक इन उपकरणों को खरीदने व इनका उपयोग करने में समर्थ हो सके।

## एसडीएम तहसील , सब ट्रेजरी सब रजिस्ट्रार, पटवारी हाल एवं मल्टीपरपज हाल, कंपोसिट ऑफिस का शुभारंभ आज

### मंत्री सम्पतिया उईके करेंगी लोकार्पण

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर को आज 778.46 लाख रूपये की लागत से बना विशालकाय सुन्दर सर्व सुविधायुक्त एसडीएम कार्यालय , तहसील कार्यालय , सब ट्रेजरी, सब रजिस्ट्रार, पटवारी हाल एंव मल्टीपरपज हाल, कंपोसिट ऑफिस का शुभारंभ आज मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके के करकमलों से शुभारंभ किया जाना है। इसके अलावा प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल एंव राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा के आगमन होना बताया जा रहा है। ज्ञात हो पूर्व विधायक देवीसिंह सैयाम एंव राजाराम



शर्मा के द्वारा लगातार पूर्व राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के सम्पर्क व निवेदन कर सर्वसुविधायुक्त एसडीएम कार्यालय , तहसील कार्यालय भवन की स्वीकृति दिलाया था। जिसका शुभारंभ की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। यह भवन नगर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। लम्बे इंतजार के बाद स्थानीय प्रशासन व लोगों को लाभ मिलेगा।

संपादकीय

# मूर्ति पर राजनीतिक अवतार

ऐतिहासिक रिज की मूर्ति पर राजनीतिक अवतार के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का सफर बताता रहेगा कि 'निकले थे हम तो खिदमत में तेरी, तूने हमें अपना किरदार बना लिया।' यादगार लम्हे, श्रद्धा के पल और प्रदेश की सहमति अर्जित करके इस पुरुष ने प्रतिमा को प्रदेश का घर बना लिया। मूर्तियों पर बहस हो सकती है या प्रतिमाओं की योग्यता में पौरुष पर चर्चा हो सकती है, लेकिन वीरभद्र सिंह की हस्ती में हिमाचल का एक युग दर्ज होता है। यह युग अपने संघर्ष में विकास के मानदंड चुनते हुए हिमाचली समाज को आदर्श बना देता है, जहां हम साक्षरता के राष्ट्रीय फलक पर उच्च शिखर पर पहुंच जाते हैं। वीरभद्र सिंह दरअसल हिमाचल की संभावनाओं के चित्रकार थे, जिन्होंने विभिन्न संस्थान पैदा करते हुए शिक्षा व चिकित्सा के सफर को दक्षता के दरवाजे पर खड़ा कर दिया। एक जननायक के रूप में वीरभद्र सिंह ने न केवल राजनीति, शासन, प्रशासन व प्रगति के खाके बनाए, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन के नए पैमाने भी तय किए। सियासत से ऊपर उनकी संवेदनशीलता और प्रदेश की क्षमता से आगे उनका शिल्प हिमाचल को राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा की अग्रणी पंक्ति तक ले गया। शिमला से प्रदेश के विभिन्न भागों में कार्यालयों का स्थानांतरण, विधानसभा परिसर को तपोवन में सजाने का मंत्र या मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास की प्रथा अपनाने जैसे प्रयोगों ने उन्हें समाज के दिल से जोड़ा। शिमला से राजधानी के अक्स को धर्मशाला में शीतकालीन राजधानी पर उतारने के उनके प्रयास से कांगड़ा की राजनीति बेहद प्रभावित रही।

उनके आलोचक भी उन्हें हिमाचल के विकास का श्रेय देते हैं। दूसरी ओर राजनीति के प्रभाव व दबाव में उनकी दबंगता से मुकाबिल किश्तियां टूटती रहीं। वह टूटते कांग्रेस के घरौंदे को जीवनपर्यंत बुनते रहे और अपनी महारत से सत्ता में बुलंद रहे। बहरहाल रिज पर वीरभद्र सिंह की याद में कुछ दीप जलते रहेंगे और यह भी कि अपनी सदी की हिस्ट्री में उनका उल्लेख होता रहेगा। हिमाचल की राजनीतिक जागरूकता ने जिन नेताओं को अदब से स्वीकार किया, उनमें वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह के अलावा शांता कुमार व प्रेम कुमार धूमल भी अपने-अपने कार्यों, नीतियों और मिजाज के कारण श्रद्धेय हो जाते हैं। ऐसे में रिज अब नेताओं की प्रमाणिकता का ठौर बन रहा है। राजधानी के कलश में पूरे प्रदेश की नदियों का पानी और नेताओं के कद की कहानी का चित्रण दिखाई दे रहा है। प्रदेश के कुछ कालेजों, भवनों व बस अड्डों का नामकरण भी राजनेताओं से जुड़ता है। इसी सरकार में टीएमसी की एक इमारत और धर्मशाला का बस अड्डा पूर्व मंत्री आरएस बाली के नाम का स्मरण करा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों की प्रतिमाएं भी प्रदेश की प्रतिष्ठा के साथ जुडनी चाहिएं। रिज अगर मूर्ति गृह बनने का दिल रखता है, तो जोराबर सिंह व बजीर राम सिंह पठानियां सरीखे योद्धाओं के उल्लेख भी होने चाहिएं। राष्ट्रगान की धुन बनाने वाले कै. राम सिंह और पझौता आंदोलन के नायक वैद्य सूरत सिंह की याद में राज्य स्तरीय सम्मान स्थल चिन्हित होने चाहिए। नाहन में किंकरी देवी की मूर्ति का रखरखाव न होने से पर्यावरण संरक्षण की देवी के प्रति हमारी श्रद्धा पूरी नहीं होती। हिमाचल में शिक्षाविदों, प्रशासकों, साहित्यकारों, खिलाड़ियों, चिकित्सकों, कला साधकों व अन्य क्षेत्रों में नाम कमाने वालों की यादगार सेवाओं के लिए भी सम्मान के तराने होने चाहिए।

# इस्राइल-हमास युद्धविराम: आशा की किरण या अस्थायी विराम



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

गाज़ा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाज़ा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल,




विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की कूटनीति की जीत से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाज़ा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागज़ों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले। गाज़ा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाज़ा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है। हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए। द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए । हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए। आज यह युद्धविराम भले ही 'एक आशा की किरण' बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है।

# बेहतर भविष्य के लिए ज़रूरी है खाद्य सुरक्षा



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

खाद्य संकट का सीधा अर्थ है मानव प्रजाति पर संकट , मानव जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भोजन सबसे अहम तत्त्व है। , भोजन मानव जीवन की ऊर्जा है, और पृथ्वी पर प्राकृतिक रूप से पर्याप्त मात्रा में मनुष्यों के लिए भोजन उपलब्ध भी है। वर्तमान में जो खाद्य संकट विश्व में निर्मित हो रहा है उसके लिए मानव की अतिमहत्वाकांक्षा और भौतिकतावादी जीवनशैली जिम्मेदार है, जिसमे रसायनों का अधाधुंध इस्तेमाल करके उत्पादन तो बढ़ा लिया लेकिन जमीन, जल, हवा सब विषाक्त हो गई । और जलसंकट से फसल चक्र प्रभावित हुआ फसल या तो अतिवृष्टि से खराब हो रही है या सूखा से सूख जा रही है। जिससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ये एक बहुत महत्वपूर्ण कारण है उत्पन्न खाद्यान्न संकट का।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया के 80 करोड़ लोग भूखे सोते हैं और सुबह उठते हैं तो उन्हें पता नहीं होता की आज़ भोजन मिलेगा भी या नहीं, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया भर में हर 11 में से एक व्यक्ति भूखा ही सोता है। अगर हम इस समस्या को विस्तारित रूप में देखते हैं तो 2050 तक विश्व की जनसंख्या लगभग 10 अरब तक पहुंचने की संभावना है,इसे में इतनी बड़ी आबादी की भोजन आवश्यकता को देखते हुए वर्तमान के भोजन उत्पादन का 60 प्रतिशत और बढ़ाना होगा, ज़ाहिर है इसके लिए पर्याप्त जल की आवश्यकता होगी , लेकिन ये होगा कैसे जब लगभग 2 अरब लोग पहले से ही जलसंकट से जूझ रहे हैं 2026 तक विश्व की आधी आबादी जलसंकट की गिरफ्त में होगी, जिससे आबादी के एक बड़े हिस्से को विस्थापन का दबाव रहेगा विश्व की सरकारों को सुरक्षित मानव जीवन के लिए इस दिशा शीघ्र एक रणनीति बनाकर काम करना होगा।। संयुक्त राष्ट संघ के खाद्य एवम कृषि संगठन (एफ ए ओ) की माने तो 2.8 अरब लोग भोजन का ख़र्च उठाने में असमर्थ हैं , जिससे वो अस्वस्थकर भोजन पर निर्भर है, और अस्वस्थकर भोजन से कुपोषण बढ़ता जो बीमारियों की जड़ है। जो स्वस्थ हैं उन्हें स्वस्थ भोजन उनके अनुकूल ना मिलने से कुपोषण का शिकार हो रहे हैं और दाद जो भोजन का खर्च नहीं उठा सकते वो तो कुपोषण का ही रहे हैं।

विश्व मे गहराते खाद्यान्न संकट से भारत भी अछूता नहीं है यहां गौरतलब है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसके पास किसी अन्य विकासशील देशों से ज्यादा कृषि योग्य भूमि है, बावजूद इसके दुनिया में जितने भी लोग भुखमरी से ग्रसित है उनमें से एक चौथाई आबादी भारत की है, और इसीलिए भारत को अलार्मिंग कैटेगरी में रखा गया है, इस कैटेगरी में भयानक भुखमरी झेल रहे अफ्रीकी देश इथोपिया, सूडान,कांगो और नाइजीरिया जैसे देश शामिल हैं ,। भारत के संदर्भ में एक और चिंताजनक आंकड़ा है कि पांच वर्ष से कम लगभग दस लाख बच्चे कुपोषण के चलते काल के गाल में समा रहे हैं। भारत के संदर्भ में यहां विचारणीय बात ये कि भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक राष्ट है उसके बाद भी विश्व के 125 देशों की ग्लोबल हंगर इंडेक्स सूची में भारत, शामिल है , अध्ययन से पता चलता है भारत मे खाद्यान्न संकट गंभीर स्तर पर है, लगभग 19, करोड़ से ज्यादा आबदी एक वक्त भूख से जूझ रही है, हालात चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि भूख से जूझ रही आबादी के आंकड़ा दशक दर दशक बढ़ ही रहा है। हालांकि सरकार दावा कर रही है कि उसके प्रयासों से काफी हद तक स्थिती में सुधार आया है, लेकिन बढ़ती बेरोजगारी इस समस्या को और बढ़ा रही है।


ग्लोबल हंगर इंडेक्स के माने तो लगभग 57 देश इस समस्या को हल नहीं कर पाएंगे और यदि वैश्विक प्रयास नही हुए तो ये मृत्यु का कारण भी बन सकते हैं। लेकिन अत्यधिक चिंताजनक बात ये है कि 47 देशों की चार करोड़ आबादी को तत्काल आजीविका और जीवन रक्षा की आवश्यकता है। इस बढ़ते वैश्विक संकट से निपटने के लिए विश्व खाद्य दिवस जैसे वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे उत्पन्न कारणों का समाधान हो सकेगा और संकट ग्रस्त व्यक्तियों को राहत मिल सके।

खाधान्न की इसी समस्याओं के समाधान हेतु विश्व का ध्यान आकृष्ट करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1945 में 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के रुप में शुरूआत की , और इसके लिए रोम में खाद्य एवम कृषि संगठन की स्थापना की ,1979, में कांग्रेस ऑफ द फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन ने विश्व खाद्य दिवस मनाने की घोषणा की जिसका उद्देश्य भुखमरी की बढ़ती समस्या और प्रभावित देशों को राहत पहुंचाना हैं।16 अक्टूबर 1980 से विधिवत रूप से खाद्य दिवस मनाने की शुरूआत हुई।

विश्व खाद्य दिवस 2025 की थीम है खाद्य सुरक्षा- विज्ञान क्रियाशील यह थीम खाद्य जनित बीमारियों में विज्ञान की भूमिका को उजागर करती है, जैसे की जोखिमों की पहचान करना , स्वच्छता प्रथाओं में सुधार करना और भोजन को सुरक्षित बनाना।

# रूट कैनाल ट्रीटमेंट: दर्द से राहत का रास्ता

## संक्रमित दांत को बचाने की आधुनिक तकनीक



डॉ शिव मंत्री

### उपचार के बाद

- हल्का दर्द या संवेदनशीलता 2-3 दिन रह सकती है।
- सामान्य दर्द निवारक दवाओं से राहत मिल जाती है।
- पीछे के दांतों पर क्राउन लगाना बेहद ज़रूरी है ताकि दांत टूटे नहीं।
- सही देखभाल से यह दांत जीवनभर काम कर सकता है।
- रूट कैनाल से जुड़े आम मिथक और सच्चाई

**मिथक:** रूट कैनाल बहुत दर्दनाक होता है।
**सच्चाई**- आधुनिक तकनीक से यह सामान्य फिलिंग जितना ही आरामदायक है।
**मिथक:** - इलाज के बाद दांत कमज़ोर हो जाता है।
**सच्चाई**- क्राउन लगने के बाद दांत उतना ही मज़बूत होता है।
**मिथक:**- रूट कैनाल के बाद दांत लंबे समय तक नहीं टिकता।
**सच्चाई:** -सही देखभाल करने पर दांत जीवनभर साथ देता है।

### क्यों ज़रूरी है रूट कैनाल ?

जब दांत के भीतर का पल्प (नसें और रक्त वाहिकाएँ) संक्रमित हो जाता है, तो तीव्र दर्द और सूजन होती है। अगर इलाज न किया जाए तो दांत खोने का खतरा रहता है। ऐसे में रूट कैनाल ट्रीटमेंट दांत को निकालने के बजाय उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखता है।

दांत बचाने का सबसे प्रभावी तरीका।

भविष्य में ब्रिज या इम्प्लांट जैसे महंगे विकल्पों से बचाता है।

दांत निकालने की तुलना में अधिक प्राकृतिक और आरामदायक विकल्प।

### कौन करता है रूट कैनाल ?

दंत चिकित्सक लेकिन एंडोडॉन्टिस्ट इस क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं। ये दंत चिकित्सक विशेष रूप से रूट कैनाल मामलों में उपचार करते हैं।

### रूट कैनाल कैसे होता है?

पहले दांत को लोकल एनेस्थीसिया से सुन्न किया जाता है।

डेंटल डैम से दांत को अलग और सूखा रखा जाता है।

दांत में छोटा छेद बनाकर संक्रमित पल्प निकाला जाता है।

एंटीबैक्टीरियल सॉल्यूशन से सफाई कर दांत को गट्टा-पर्चा नामक पदार्थ से भरा जाता है।

अंत में फिलिंग और ज़रूरत पड़ने पर क्राउन लगाया जाता है।

**निष्कर्ष**- रूट कैनाल दांत बचाने का सबसे कारगर तरीका है। यह न केवल आपको दर्द और संक्रमण से छुटकारा दिलाता है, बल्कि अनावश्यक दांत निकालने से भी बचाता है। यह लाखों लोगों के दांत बचा चुका है और आगे भी अनगिनत मुस्कानें बचाएगा।

**लेखक- प्रोफेसर और प्रमुख, दंत संरक्षण चिकित्सा और एंडोडोंटिक्स विभाग हितकारिणी डेंटल कॉलेज, जबलपुर.**

# तालिबान संग भारत का नया अध्याय, बदल रहा दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक समीकरण

**यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा।**

मृत्युंजय दीक्षित

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है किन्तु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर आए हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए हैं, उनकी दो पत्रकार वार्ताएं भी हो चुकी हैं जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारो को प्रवेश ण मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं। अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है। भारत और अफगानिस्तान के बयान के अनुसार दोनो पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यो की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया गया है।

अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया फिर अफगानिस्तान ने करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया



जाएगा। भारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्टपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा ?

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। इन दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उनके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू-कश्मीर को हथियाकर वहां शरिया कानून लागू करवा देंगे किंतु समय बदलने के साथ ही पाकिस्तान का यह प्लान पूरी तरह से धराशायी गया है। आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हो गए हैं क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा।

सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार संपत्ति जायदाद आदि छोड़ के आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नही कर सकेगी। इसका स्पष्ट इंगित पाक परस्त खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था। सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार संपत्ति जायदाद आदि छोड़ के आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नही कर सकेगी। इसका स्पष्ट इंगित पाक परस्त खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था।

तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को एक अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा। अफगान विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात के बाद अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस देने के साथ ही वहां की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए भारत ने सहायता की घोषणा की है।

यदि भारत अफगानिस्तान में अपना दूतावास खोलता है तो वह वहां से पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर सूक्ष्म दृष्टि रख सकेगा। तालिबान शासन से मैत्री इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि इस समय भारत के सभी पड़ोसी देश अस्थिरता का शिकार हैं ऐसे में सामरिक दृष्टिकोण से एक नया मार्ग खोलना अति आवश्यक हो गया है।

# पीएम मोदी ने कहा अब रूस से तेल नहीं लेंगे, ट्रंप का दावा


# विदेश मंत्रालय बोला- हमारे लिए राष्ट्रहित सबसे पहले

नई दिल्ली

जब से डोनल्ड ट्रंप ने दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला है तब से भारत को लेकर उनकी तरफ से दिए जा रहे एक के बाद एक बयान पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार को असहज किये हुए है। इस कड़ी में गुरुवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने यह दावा कर दिया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने यह भी दावा किया है कि यह आश्वासन भारतीय प्रधानमंत्री ने दो दिन पहले उनके साथ हुई बातचीत में दिया है।

जबकि भारत सरकार की तरफ से ना तो मोदी और ट्रंप के बीच किसी बातचीत का ब्यौरा गुरुवार दोपहर तक जारी किया गया है और ना ही इस बारे में कोई सूचना है कि रूस से तेल खरीद में कमी कर दी गई है।

मीडिया के साथ वार्ता में ट्रंप की तरफ से कही गई इस बात पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक सधी हुई प्रतिक्रिया जरूर जताई है लेकिन इसमें ट्रंप-मोदी के बीच वार्ता या रूसी तेल खरीद में कटौती की कोई बात नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी सतत प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह से इस उद्देश्य पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, भारतीय ऊर्जा नीति की दो लक्ष्य हैं, स्थिर ऊर्जा मूल्य और उनकी सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना। इसमें विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा की खरीद करना और ऊर्जा स्रोतों का विस्तार करना शामिल है। जहां अमेरिका का संबंध है, हमने कई वर्षों से वहां से अपनी ऊर्जा खरीद को बढ़ाने का प्रयास किया है। पिछले दशक में लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने को तैयार है और हम इस बारे में बातचीत कर रहे हैं।



इसके पहले ट्रंप से अमेरिकी राष्ट्रपति भवन में पत्रकारों ने पूछा कि, क्या वह मलयेशिया में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे तो उनका जवाब था कि, हां निश्चित रूप से। वह मेरे बहुत ही अच्छे मित्र हैं। लेकिन मैं उनसे नाराज हूं क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है जिससे रूस जंग जारी रखे हुए है। इसमें यूक्रेन और रूस के लाखों लोगों की मौत हुई है। मैं इस बात से खुश नहीं हूं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। मोदी ने मुझे आज आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है। यह बहुत ही बड़ी बात है। अब चीन भी ऐसा ही करेगा।

इस क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि दो पहले मोदी से उनकी बातचीत हुई है। जबकि भारत व अमेरिका की सरकारों की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मोदी और ट्रंप के बीच अंतिम बातचीत नौ अक्टूबर, 2025 को हुई है। ट्रंप के इस पूरे बयान में जो दावे किये गये हैं उनमें निरंतरता का अभाव है। जैसे उक्त बयान के कुछ ही देर बाद अन्य प्रश्न के जवाब में ट्रंप ने कहा कि, उन्होंने (भारतीय पीएम) ने आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा लेकिन यह धीरे धीरे होगा। इस बात में सच्चाई भी है कि क्योंकि आर्थिक वजहों को ध्यान में रखते हुए भारतीय तेल कंपनियों ने सितंबर, 2025 में रूस से 10 फीसद कम कच्चे तेल की खरीद की है लेकिन इसमें अमेरिकी दबाव का कोई हाथ नहीं है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हैं और रूस के अलावा दूसरे तेल उत्पादक देश भी कम कीमत पर भारत को ज्यादा तेल देने को तैयार हैं। ट्रंप के उक्त दावे के कुछ ही घंटे बाद नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि, मोदी और ट्रंप के बीच बातचीत का मुझे पता नहीं है लेकिन भारत सरकार अपनी जनता के हितों को देखते हुए फैसला करती है और इसी आधार पर रूस से तेल खरीदा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि, पहली बार रूस भारत के शीर्ष चार कारोबारी साझेदार देशों में शामिल हो गया है। दोनों देशों का द्विपक्षीय कारोबार 70 अरब डॉलर को पार कर गया है। इसमें कच्चे तेल, उर्वरक व कृषि उत्पादों की कारोबार शामिल है।

## कंबोडिया में चार महीनों में 3,455 ऑनलाइन घोटाले के संदिग्ध गिरफ्तार

**नोम पेन्ह, (वार्ता/सिन्हुआ)।** कंबोडिया में ऑनलाइन घोटाला केंद्रों पर की गई कार्रवाई में लगभग चार महीनों में गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की संख्या बढ़कर 3,455 हो गई है। यह जानकारी बुधवार देर रात ऑनलाइन घोटालों से निपटने के लिए एड-हॉक समिति द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति से प्राप्त हुई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अधिकारियों ने 27 जून से अब तक राज्य के 25 शहरों और प्रांतों के 18 शहरों और प्रांतों में कुल 92 परिसरों पर छापेमारी की है। गिरफ्तार संदिग्ध 20 विभिन्न देशों के हैं। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दर्जनों सरगनाओं को अभियोजन के लिए अदालतों में भेजा गया है जबकि अधिकांश अन्य को उनके देशों में वापस भेज दिया गया है।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देश ने साइबर घोटाले नेटवर्क पर अभूतपूर्व राष्ट्रव्यापी कार्रवाई शुरू की है, जिसका उद्देश्य सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना है।

## हमलों के पीछे भारत का हाथ : पाक रक्षा मंत्री

नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भारत तालिबान के जरिए पाकिस्तान को टारगेट कर रहा है। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा, इस वक्त काबुल दिल्ली के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है। उन्होंने हाल ही में घोषित 48 घंटे के अस्थायी सीजफायर पर भी संदेह जताया और चेतावनी दी कि अगर उकसावा हुआ तो पाकिस्तान सैन्य जवाब देने को तैयार है।



पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की कि दोनों पक्षों की सहमति से अगले 48 घंटों के लिए अस्थायी युद्धविराम लागू किया गया है। यह फैसला सीमा पर हाल के दिनों में हुई तीव्र गोलीबारी के बाद लिया गया। युद्धविराम बुधवार को 1:00 बजे से प्रभावी हुआ। ख्वाजा आसिफ ने युद्धविराम के टिकने पर संदेह जताते हुए कहा, मुझे शक है कि यह युद्धविराम कायम रहेगा, क्योंकि तालिबान को दिल्ली प्रायोजित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान ने तनाव बढ़ाया या युद्ध का दायरा बड़ा किया, तो पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने रचनात्मक बातचीत की संभावना को भी खुला रखा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया हिंसा में वृद्धि देखी गई है। इसमें कथित तौर पर पाकिस्तानी हवाई हमलों ने कंधार और काबुल को निशाना बनाया। बता दें कि दोनों पक्षों ने युद्धविराम की पहल का श्रेय लेने का दावा की बात भी कही है।

# बिहार की विकास यात्रा को बढ़ाती रहेगी डबल इंजन की सरकार: योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार का आगाज करेंगे। बिहार में जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने माता जानकी की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा है कि डबल इंजन की सरकार बिहार विकास यात्रा को आगे बढ़ाती रहेगी।



मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा नमस्कार बिहार के बहिनों-बंधुगण। माता जानकी की पावन भूमि एवं भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बिहार में आज दानापुर और सहरसा की जनता-जनार्दन के बीच जाकर संवाद करने का अवसर मिलेगा। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। बिहार की विकास यात्रा को और अधिक गति, गरिमा और गौरव देने के लिए डबल इंजन की सरकार सतत आगे बढ़ती रहेगी।

गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ की बिहार में चुनावी सभाओं का 16 अक्टूबर से शुरू होंगी। योगी दानापुर विधानसभा सीट और सहरसा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों से संबंधित दो चुनावी सभाओं को गुरुवार को संबोधित करेंगे। दो चरणों वाले चुनावी राज्य बिहार में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में योगी को 25 चुनावी सभाओं को संबोधित करने के लिये भाजपा नेतृत्व ने प्लान किया हुआ है ।

## झाकियों के प्रस्थान के साथ शुरू होगा दीपोत्सव का कार्यक्रम

**अयोध्या (वार्ता)।** अयोध्या के कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झांकियों के रामपथ के लिए प्रस्थान होने के साथ 19 अक्टूबर को दीपोत्सव का कार्यक्रम शुरू हो जायेगा। झांकियों को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया कि 19 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव में इस बार भव्यता और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा, वहीं साकेत महाविद्यालय से निकलने वाली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र होगी। इस बार शोभायात्रा में 21 झांकियां शामिल होंगी, जिन्हें साकेत महाविद्यालय परिसर में तैयार किया जा रहा है।

# अभी भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शा रहा है संयुक्त राष्ट्र

नयी दिल्ली (वार्ता)

विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने वैश्विक चुनोतियों से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के महत्व पर बल देते हुए कहा है कि यह अफसोस की बात है कि यह संस्था 2025 की वास्तविकताओं के बजाय अभी भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाती है और इसलिए इसमें सुधारों तथा विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व की जरूरत है। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी करते हुए कहा कि भारत अधिक जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार है।

डा जयशंकर ने गुरूवार को यहां संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में योगदान देने वाले देशों के सम्मेलन में विभिन्न देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्री ने भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के अंतिम दिन अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया जिन वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही है जैसे महामारी से लेकर आतंकवाद तक, और आर्थिक अस्थिरता से लेकर जलवायु परिवर्तन तक – ये चुनौतियाँ आपस में जुड़ी हुई हैं और राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। इसलिए इनसे निपटने की हमारी प्रतिक्रिया भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रतिस्पर्धी पहलुओं से ऊपर उठकर अधिक सहयोगपूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के सहयोग का स्वाभाविक प्रारंभिक बिंदु संयुक्त राष्ट्र है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र पर भारत का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि पहला संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाता है, 2025 की नहीं। अस्सी साल किसी भी मानदंड से एक लंबा समय है और इस अवधि के दौरान संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता वास्तव में चौगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं समय के अनुरूप नहीं ढलने में विफल रहती हैं उनके अप्रासंगिक होने के साथ साथ उनकी वैधता भी कम हो जाती है और वे अनिश्चितता के समय में उस पर निर्भर रहने वालों को बिना किसी सहारे के छोड़ देती हैं।



विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी होने के लिए इसमें सुधार होना चाहिए और इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी बनना चाहिए। साथ ही इसे आज की दुनिया के अनुरूप बनना चाहिए। इसलिए इसे विकासशील देशों की आवाज़ को बुलंद करना चाहिए और उभरते वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की वैधता और विश्वसनीयता, इस पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की इसमें सुधारों की प्रबल इच्छा है जिसमें सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थायी सदस्यता श्रेणियों का विस्तार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि सुधार की प्रक्रिया का ही उपयोग उस एजेंडे को पटरी से उतारने के लिए किया जा रहा है। परिणामस्वरूप मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि ऐतिहासिक अन्याय अभी भी जारी है।

## जापान में गहराया पर्यावरण संकट भालुओं ने ली सात लोगों की जान

टोक्यो, (वार्ता)

जापान में बीते छह महीनों में भालुओं के हमले में सात लोगों की मौत हो चुकी है। इस अवधि में भालुओं के हमले की 99 घटनाएं प्रकाश में आई हैं और इसमें 108 लोग जख्मी हुए हैं। यह घटनाएं दर्शाती हैं कि यहां पर मानव का पर्यावरणीय संतुलन में हस्तक्षेप बढ़ गया है। देश के पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, जापान ने वित्तीय वर्ष 2025 में अब तक भालू के हमलों से सात मौतों की पुष्टि की है। यहां वित्तीय वर्ष अप्रैल में शुरू होता है। भालुओं के हमले में साल 2023 में छह लोगों की जान गयी थी लेकिन इस साल छह महीने में यही रिकार्ड टूट गया है। मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भालुओं के ज़्यादातर हमले देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों और होक्काइडो के सबसे उत्तरी प्रान्त में हुए हैं। इस बीच, बुधवार को मियागी प्रान्त के सेंदाई क्षेत्र के एक रिहायशी इलाके में एक वयस्क नर भालू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह पहली बार था जब वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन पर एक संशोधित कानून का इस्तेमाल किया गया। इसके अंतर्गत आबादी वाले इलाकों में खतरनाक जानवरों पर आपातकालीन गोलीबारी की इजाजत दी गई है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि पूर्वोत्तर क्षेत्रों में भालुओं के भोजन की इस साल कम पैदावार होने का अनुमान है। इसके कारण और अधिक भालू रिहायशी इलाकों में आ सकते हैं।

# सपा के चरित्र में राजनीतिक ईमानदारी का साहस नहीं: मायावती

लखनऊ (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नजदीकियां बढ़ाने के समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोप का जवाब देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी ने स्मारकों के रखरखाव पर टिकटों से प्राप्त धनराशि खर्च किये जाने पर मौजूदा सरकार का आभार प्रकट किया जिसका विरोधियों को पसंद नहीं आना लाजिमी है क्योंकि उनके स्वाभाव और चरित्र में राजनीतिक ईमानदारी का साहस नहीं है। पार्टी की प्रदेश इकाई की विशेष बैठक को संबोधित करते हुये उन्होने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी कैडरों को पूरे तन, मन, धन के साथ लग जाने की अपील की और पार्टी संगठन के गठन को लेकर शेष बचे कार्यों को अविलम्ब पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में उत्तराखण्ड स्टेट के पार्टी पदाधिकारी भी शामिल रहे।

उन्होने कहा कि सपा सरकार में उपेक्षित रहे बसपा सरकार द्वारा लखनऊ में निर्मित भव्य स्थल, स्मारक,पार्क से टिकट की बिक्री से प्राप्त धन को उन्हीं स्मारकों के रख-रखाव पर खर्च करने की मांग मान लेने पर प्रदेश की वर्तमान सरकार का आभार प्रकट करने की बसपा की राजनीतिक ईमानदारी भी विरोधियों को अच्छा नहीं लगना स्वाभाविक है, क्योंकि उनके चरित्र में स्वस्थ्य राजनीतिक ईमानदारी का साहस नहीं है।



बसपा अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष के एक अन्य आरोप का भी जवाब देते हुये कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महा-आयोजन में पार्टी के लोग प्राइवेट बसों व ट्रेनों पर अपना खर्च करके तथा अपने खुद के छोटे-मोटे साधनों से व पैदल भी चलकर आये थे तो फिर सरकारी बसें बीच में कहां से आ गई है, जिनका कुछ विरोधी लोग खिसियानी बिल्ली खम्बा नौचे की तरह, अनाप-सनाप व बेतुकी बातें कर रहें है, तो उनमें रत्ती भर भी कोई सच्चाई व दम नहीं है। अगर सपा सरकार ने अपने कार्यकाल में बसपा सरकार द्वारा बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में बनाये गये नये जिले, यूनिवर्सिटी, कालेज, अस्पताल व अन्य संस्थानों आदि के अधिकांश: नाम बदलने के साथ-साथ, इन वर्गों के आरक्षण की तरह ही, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को निष्क्रिय व निष्प्रभावी नहीं किया होता तो उनका नाम दो जून 1995 की स्टेट गेस्ट हाऊस काण्ड की तरह ही, इतिहास के काले पन्नों में दर्ज होने से बच सकता था, लेकिन अभी भी इसका पछतावा व पश्चाताप नहीं होना राजनीतिक द्वेष, छलावा व बेईमानी नहीं तो और क्या है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि साम, दाम, दण्ड, भेद जैसे हथकण्डों के साथ-साथ अन्दरुनी मिलीभगत आदि के लिए किसी स्तर तक गिर जाना बसपा का स्वाभाव नहीं है, बल्कि बसपा की राजनीति खुली किताब व पूरे तौर से पाक-साफ है तथा नीले आसमान के नीचे खुल कर समर्थन या विरोध की 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की राजनीति पसंद है, जो कि जग-ज़ाहिर है। बसपा दूसरी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के सहारे व इशारे पर चलने वाली केवल लाभ के पूंजीवादी स्वभाव वाली पार्टी नहीं है, बल्कि जनकल्याणकारी सोच की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी होने के नाते यहाँ सर्वसमाज के करोड़ों ग़रीबों में से ख़ासकर दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के हित व कल्याण तथा उनके जान-माल व मज़हब आदि की सुरक्षा का संवैधानिक हक दिलाने के लिए ईमानदार के साथ समर्पित है।

उन्होने कहा कि बसपा इन्हीं करोड़ों ग़रीबों, शोषितों-पीड़ितों के खून पसीने के सहयोग के बल पर चलने वाली पार्टी है और बसपा की चार बार रही सरकार में व्यापक जनहित व जनकल्याण के बड़े-बड़े कार्य, दूसरी पार्टियों की तरह, वोट के राजनीतिक स्वार्थ की खातिर नहीं बल्कि पूरे सेवा, समर्पण भाव व ईमानदारी के साथ जन व देशहित में किये गये है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## सोनम कपूर ने बी. आर. विजयलक्ष्मी की तारीफ की



सोनम कपूर ने स्टार प्लस के शो माना के हम यार नहीं की राइटर और एशिया की पहली विमेन सिनेमैटोग्राफर बी. आर. विजयलक्ष्मी की तारीफ की है। स्टार प्लस हमेशा से दर्शकों को जोड़नेवाले और दिल को छू लेनेवाले शो लेकर आया है। बड़े मुद्दों को कहानी के ज़रिए दिखाने से लेकर ऐसी कहानियाँ बताने तक, जो सच में असर छोड़ती हैं, चैनल ने हर बार कुछ खास कर दिखाया है। ख़ासतौर पर जब बात महिलाओं को उजागर करने की आती है, तब स्टार प्लस ने इसमें हमेशा से बेहतरीन काम किया है। जहां स्टार प्लस स्क्रीन पर दमदार महिला-केंद्रित कहानियाँ पेश करता है, वहीं उसके पास परदे के पीछे भी एशिया की पहली महिला सिनेमैटोग्राफर बी. आर. विजयलक्ष्मी के रूप में इंस्पिरेशन मौजूद हैं। उनका आनेवाला शो माना के हम यार नहीं रिलीज़ के लिए तैयार है, और उनकी अपनी यात्रा भी किसी दमदार कहानी से कम नहीं है। विजयलक्ष्मी एक ऐसी महिला हैं जिन्होंने अपनी अलग राह बनाई है। सोशल मीडिया पर एशिया की पहली महिला सिनेमैटोग्राफर बी. आर. विजयलक्ष्मी की झलक साझा की। उन्होंने उनकी उपलब्धियों की तारीफ करते हुए लिखा है,आज का सवुमेनइनफ़िल्म एडिशन बहुत खास है। क्यों? क्योंकि इसमें हैं बी. आर. विजयलक्ष्मी, जिनका नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में अलग ही पहचान रखता है। वह न सिर्फ दशकों का अनुभव रखनेवाली प्रोफेशनल हैं, बल्कि एशिया की पहली महिला डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी भी हैं।उनके काम को देखकर मैं खुद को रोक नहीं पाई और उनकी कहानी साझा करनी पड़ी, क्योंकि इसमें है इंस्पिरेशन और मोटिवेशन। इतने मेल-डॉमिनेटेड इंडस्ट्री में एक महिला होना आसान नहीं, लेकिन विजयलक्ष्मी जैसी महिलाएं ग्लास सीलिंग तोड़कर बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंची हैं।

# कलाकारों ने साझा किए धनतेरस के अपने खास रिवाज

धनतेरस, दीवाली उत्सव का पहला दिन होता है और यह घर-परिवार के लिए खुशी, भक्ति और समृद्धि लेकर आता है। माना जाता है कि इस दिन की गई खरीदारी और पूजा-पाठ से जीवन में सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा आती है। यह शुभ दिन बस आने ही वाला है और लोग इसे मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस अवसर पर एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने उन छोटी-छोटी रस्मों और परंपराओं के बारे में बात की, जिन्हें वे धनतेरस पर निभाती हैं, ताकि उनके जीवन में सौभाग्य और समृद्धि आए। इन कलाकारों में शामिल हैं- प्रियंवदा कांत, हिमानी शिवपुरी और विदिशा श्रीवास्तव। प्रियंवदा कांत, जो जल्द ही एण्डटीवी के आगामी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका की भूमिका में दिखाई देंगी, ने कहा, धनतेरस हमेशा मुझे कृतज्ञता और सकारात्मकता से भर देता है। मैं इस दिन को साधारण लेकिन सार्थक बनाने में विश्वास रखती हूँ। हर साल मैं सुबह जल्दी दीपक जलाकर माँ लक्ष्मी से स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना करती हूँ। मैं यह भी सुनिश्चित करती हूँ कि मैं कुछ धातु की चीज़ खरीदूँ, आमतौर पर चांदी के सिक्के या बर्तन, क्योंकि माना जाता है कि यह सौभाग्य को आकर्षित करता है। मेरी माँ और मैं घर के प्रवेश द्वार को रंगोली और दीयों से सजाते हैं ताकि समृद्धि का स्वागत हो। यह छोटा सा रिवाज घर और मन दोनों को साफ कर देता है और दीवाली मनाने के लिए एक सकारात्मक तैयार करता है। हिमानी शिवपुरी, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हैं, ने कहा, धनतेरस मेरे लिए गहरी भावनात्मक और सांस्कृतिक अहमियत रखता है। हमारे परिवार में शाम को 13 दीये जलाने की परंपरा है, जो भगवान धन्वंतरि और माँ लक्ष्मी को समर्पित होती है। यह परंपरा मैंने बचपन से निभाई है। मैं यह भी सुनिश्चित करती हूँ कि हर साल एक छोटा चांदी का सामान खरीदा जाए, चाहे वह सिक्का हो या मूर्ति, क्योंकि यह शांति और समृद्धि का प्रतीक है। ये परंपराएं मुझे मेरे माता-पिता और उनके सरल विश्वास की याद दिलाती हैं, जिसे मैं आगे बढ़ाना चाहती हूँ। धनतेरस मेरे लिए सिर्फ भौतिक संपत्ति का नहीं, बल्कि आध्यात्मिक समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का त्योहार है। विदिशा श्रीवास्तव, जो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, हमारे घर में धनतेरस बहुत उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। हम दिन की शुरुआत घर की सफाई और सजावट से करते हैं, ताकि हर कोना रोशन और स्वागतयोग्य लगे। शाम को हम लक्ष्मी मां की पूजा करते हैं और हर कमरे में दीपक जलाते हैं। एक छोटा सा रिवाज जिसे मैं कभी नहीं छोड़ती वह है झाड़ू और सोने या चांदी का सिक्का खरीदना। कहा जाता है कि इससे नकारात्मकता दूर होती है और समृद्धि आती है। इस साल, मेरे पति और बेटी के साथ हम पूजा से पहले घर पर मिठाई भी बनाएंगे, क्योंकि मिठाई बांटना खुशी और सकारात्मकता फैलाने का प्रतीक है।



## मिर्जापुरः द मूवी' के सेट पर पति अली फज़ल से मिलने पहुंची ऋचा

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने हाल ही में अपने व्यस्त शेड्यूल से थोड़ा समय निकालकर बनारस का रुख किया, जहां उनके पति अली फज़ल इन दिनों मिर्जापुरः द मूवी की शूटिंग कर रहे हैं। यह दौरा खास इसलिए भी रहा क्योंकि यह अली के जन्मदिन के आसपास हुआ, और इस मौके पर ऋचा, अली और उनकी बेटी जुनी ने साथ में खूबसूरत पारिवारिक वक्त बिताया।कई हफ्तों से बनारस में शूटिंग कर रहे अली फज़ल के लिए यह एक प्यारा सरप्राइज़ था जब ऋचा जुनी के साथ उनसे मिलने पहुंचीं। यह जोड़ी, जो अपनी सादगी और मज़बूत रिश्ते के लिए जानी जाती है, ने शहर की शांत लहरों और आध्यात्मिक माहौल में एक-दूसरे के साथ सुकून भरे पल बिताए - मुंबई की भागदौड़ से दूर, उस शहर में जो दोनों के लिए खास मायने रखता है। एक सूत्र ने बताया, ऋचा चाहती थीं कि अली का जन्मदिन यादगार बने, लेकिन इससे भी ज़्यादा वह चाहती थीं कि वे परिवार के साथ कुछ शांत और अच्छा समय बिता सकें। अली की लगातार शूटिंग और ऋचा की अपनी प्रतिबद्धताओं के बीच यह छोटा-सा ट्रिप उनके लिए एक ब्रेक जैसा था। उन्होंने घाटों पर टहलना, बनारस का स्थानीय खाना खाना और अपने पुराने पसंदीदा जगहों को फिर से देखना - सब कुछ किया, जैसे पुराने मिर्जापुर के दिनों में किया करते थे। ऋचा ने अपने अनुभव के बारे में कहा, अली लगातार शूटिंग में व्यस्त था, और मुझे लगा यह साथ रहने का सबसे अच्छा समय है। बनारस हमारे दिल के बहुत करीब है - यहीं मिर्जापुर की शुरुआत हुई थी, और मेरे लिए भी यह शहर मसान के कारण खास है। सालों में यह शहर हमारे लिए यादों से भरा स्थान बन गया है।



# पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा ली गयी कानून व्यवस्था एवं अपराधों की समीक्षा बैठक

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को जिले के समस्त थानों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के अति. पुलिस अधीक्षक, एवं सभी अनुभागों के एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुये। बैठक के मुख्य बिन्दु - थानावार अपराधों की विस्तृत समीक्षा। प्रत्येक थाने द्वारा अपराध नियंत्रण, विवेचना एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की प्रगति देखी गई। जिन थाना प्रभारियों ने बेहतर कार्य किया, उनकी खुलकर सराहना की गई उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भविष्य में भी इसी तरह कार्य जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जहां कार्य में कमी या लापरवाही पाई गई, वहां सुधार के लिए थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश व चेतावनी दी गई।



**पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण एवं बेहतर पुलिसिंग के लिये दिये गये दिशा-निर्देश** -गंभीर अपराधों की सूचना मिलते ही तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तुरंत विवेचना शुरू करते हुए उसका समयवधि में निराकरण किया जावे ताकि पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संगठित अपराधों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जावे साथ ही लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जावे। विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालय एवं थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शिकायत कर्ता को संतुष्ट किया जावे एवं आजमनों की शिकायतों को अनावश्यक लंबित न रखा जावे। अपृहत एवं गुम बालक/बालिकाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता मे रखकर प्रभावी कार्यवाही की जावें। क्षेत्र में गुण्ड़ा, बदमाशों एवं अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु लगातार पेट्रोलिंग, नाईट गश्त, सघन चैकिंग करते हुए, अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जावे। पूर्व अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की सभी जानकारी का डेटा अघतन रखते हुए उनका डोजियर तैयार कर, उनकी हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। साथ ही गुंडे/बदमाशों, कुख्यात अपराधियों की एक गुंडा सूचीबद्ध कर उन्हें अपराध न करने के लिये पाबंद करने हेतु समय-समय पर उचित प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में पड़ने वाली दुकानों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों से संपर्क कर, उन्हें सीसीटीवी कैमरों का महत्व बताते हुए, जनसहयोग से कैमरे लगाने हेतु प्रेरित करें। आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में शांति पूर्ण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए, सभी नागरिकगण सुरक्षित वातावरण में पूरे हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाएं इसके लिये, बेहतर पुलिस व्यवस्था की जावे पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए गए कि अच्छी कार्यवाही करते हुए अपराध पतासाजी, उत्कृष्ट विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी कर समयवधि में निराकरण किया जाता है, ऐसे प्रकरणों में विवेचकों के उत्साहवर्धन हेतु पुरूस्कृत जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।

## प्राकृतिक एवं मानव निर्मित दुर्घटनाओं से बचाव का प्रशिक्षण

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में गत दिवस प्राचार्य जी. एस. पटेल के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन टीम द्वारा जनजागृति अभियान अंतर्गत 01 प्लाटून कमांडरबीरेंद्र सूर्यवंशी 02 हवलदार अनुदेशक सुंदर उइकार होमगार्ड नरसिंहपुर एवं संकट मोचन बल मुंबई की टीम एवं एसडीआरएफ द्वारा छात्र - छात्राओं प्राकृतिक एवं मानव निर्मित दुर्घटनाओं से बचाव का प्रशिक्षण प्रदान किया ।प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, हड्डी टूट जाना, सांप के द्वारा काट लिए जाने पर और अन्य खतरों से बचाव का न केवल प्रदर्शन किया गया अपितु छात्र छात्राओं से उक्त बचाव कार्य करवाकर उन्हे इन दुर्घटनाओं से निपटने का प्रशिक्षण प्रदान किया। दल द्वारा सिखाई गयी बचाब तकनीकों को छात्र-छात्राओं ने रूचि ले कर सीखा। प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत प्राचार्य जी.एस. पटैल द्वारा समस्त प्रशिक्षणकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक आपदा के समय अपनी मानसिक एवं शारीरिक शक्ति से आपदा का सामना करते हुए अपने आपको एवं समाज को सुरक्षित रखने हेतु प्रोत्साहित किया ।इस अवसर आर. डी. ठाकुर, राजेंद्र महोबे, श्रीमति प्रीति खरे, श्रीमति रुचि चौबे, श्रीमति शिवानी चौरसिया, श्रीमति दीपमाला धुर्वे, श्रीमति गुलशाना उस्मानी, श्रीमति प्रतिभा सोनी, पंकज उमरे, रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को आपदा प्रबंधन एवं जनजागृति पुस्तक प्रदान की गई । कार्यक्रम के अंत में जिला आपदा प्रबंधन टीम का आभार प्रदर्शन श्री ए आर द्वारा किया।

## निगम कर्मचारी के दुखद निधन की खबर लगते पोस्टमार्टम स्थल पहुँची महापौर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मी अशोक भैया लाल का गुरुवार को माधवनगर सड़क हादसे में निधन हो गया। इस दुर्घटना की खबर लगते ही नगर निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम स्थल पहुँचकर मृतक के परिवार जनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। महापौर ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देते हुए निगम के माध्यम से तत्काल बीस हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई। साथ ही इस दौरान महापौर ने दुखद परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में स्वयं की ओर से भी 15 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करते हुए परिवार के किसी एक सदस्य को निकाय द्वारा नौकरी दिए जाने का मौखिक आश्वासन भी दिया। महापौर ने मानवता एवं सेवा भावना का परिचय देते कहा कि किसी भी कर्मचारी के निधन के बाद उसके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े यह नगर निगम का नैतिक कर्तव्य है।



## आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर मौसमी बीमारियों में आयुष सेवायें थीम के तहत जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि के लिए प्रेरित किया गया एवं निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 875 नागरिकों को लाभांवित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि यह शिविर खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया।



## विधायक निवास में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने की जनसुनवाई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 180 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य है कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम नेमा सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।



# राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का समापन आज

### स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह व लोक स्वास्थ्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल रहेंगे मौजूद

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

नगर के रूद्र कॉलेज मैदान पर खेली जा रही 69 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का समापन आज 17 अक्टूबर को सुबह 11꞉30 बजे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल के मुख्य आतिथ्य, स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित किया जायेगा। विदित हों कि प्रतियोगिता के चौथे दिन बालक /बालिका अंडर 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच अलग अलग पूलों के खेले गये विभिन्न मैचो मे खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। बीते गुरुवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गये बालक वर्ग के मैचों मे रीवा संभाग ने ग्वालियर, भोपाल ने उज्जैन, जबलपुर ने नर्मदापुरम को 2-0 से एवं सागर ने इंदौर को 2-1 से हराया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के मैचो मे रीवा ने शहडोल,नर्मदा पुरम ने इंदौर,जनजातीय कार्य विभाग ने भोपाल एवं जबलपुर ने सागर को 2-0 से हराया । इसी प्रकार बालिका वर्ग के मेचों मे रीवा संभाग ने जबलपुर, उज्जैन संभाग ने शहडोल संभाग को 2-0 एवं नर्मदापुरम संभाग ने जनजातीय संभाग को 2-1 से हराया। विदित हों कि तीसरे दिन देर रात्रि तक दूधिया रौशनी मे खेले गये मैचों मे जबलपुर ने उज्जैन,इंदौर ने ग्वालियर, जनजातीय कार्य विभाग ने सागर एवं नर्मदापुरम ने शहडोल को हराया। बालिका वर्ग के मेचों मे ग्वालियर ने भोपाल, सागर ने शहडोल, रीवा ने उज्जैन एवं ग्वालियर ने जनजातीय कार्य विभाग को हराया। चौथे दिन नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मैचो के आयोजन मे जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, मनीष कटारे,विक्रम शर्मा, मुकेश पटैल उपदेश तोमर, लाल बहादुर सिंह, अभिषेक सेठिया, बकतावर खान, अनीता भारती, माधुरी शर्मा, मो जमील, मोहसिन खान, यूनिस खान, सुरेन्द्र सिंह, यशवंत सिलावट, परेश शर्मा, जतिन सैनी, नितिन पांडे, नितिन पठारिया, अभिनव चौकसे, रोहित विश्वकर्मा, जनक गुर्जर, अरुण साहू, आदित्य द्विवेदी, ज्योति धानक, मनीष कोष्टि, राबिन सिंह, अजीत उपाध्याय, सिराज मोहम्मद, परहीन शेख, अजय भदौरिया का सहयोग रहा।



## सृजन व शौर्य ताम्रकार का सितार वादन राष्ट्रीय मंच तक

### इंडियाज़ गॉट टैलेंट में दिखाई करेली की प्रतिभा

**करेली।** नगर के प्रतिभाशाली कलाकार सृजन ताम्रकार और शौर्य ताम्रकार पिता सुनील ताम्रकार, माता श्रीमती दीप्ति ताम्रकार के दोनों पुत्रों ने अपने उत्कृष्ट सितार वादन से राष्ट्रीय मंच इंडिया गोट टैलेंट पर न सिर्फ क्षेत्र का, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। सृजन, शौर्य ने रॉयल सिंफनी एंड कौर ग्रुप के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। जिसने निर्णायक नवजोत सिंह सिद्धू, गायक शान तथा अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा को अत्यंत प्रभावित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध टेलीविजन होस्ट हर्ष लिवांचिया ने किया। सृजन, शौर्य ताम्रकार के बेहतरीन सितार प्रदर्शन को देख निर्णायकों ने उन्हें गोल्डन बज़र प्रदान किया, जिससे वे इंडियाज़ गॉट टैलेंट के टॉप 14 फाइनलिस्ट में शामिल हो गए। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि समूचे करेली क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। इस मनमोहक प्रस्तुति का प्रसारण इसी सप्ताह में शनिवार, रविवार के दिन टीवी पर प्रसारित होने वाले एपिसोड इंडिया%स गोट टैलेंट में उनकी प्रस्तुति सोनी टी.वी,सोनी लईव के माध्यम से होगी। सृजन ताम्रकार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बीएसएल पब्लिक स्कूल, करेली से प्राप्त की और इसके बाद संगीत की औपचारिक शिक्षा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से बैचलर इन परफॉर्मिंग आर्ट्स (बी. पी.ए ) की उपाधि के साथ पूरी की। वर्तमान में वे गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत अपने गुरु डॉ लोकेश वाहन जी से उज्जैन में सितार की गूढ़ शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शौर्य ताम्रकार ने प्राथमिक शिक्षा खजांची रामकली बाई स्कूल से की ओर अपने बड़े भाई की संगीत साधना और सितार वादन से प्रभावित होकर संगीत की प्राथमिक शिक्षा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से प्राप्त की एवं वर्तमान में इंदौर के लता मंगेशकर संगीत विद्यालय से सितार वादन में बैचलर्स इन परफॉर्मिंग आर्ट (बी.पी.ए) की शिक्षा अपने गुरु निखिल बड़ोदिया से प्राप्त कर रहे हैं एवं गुरु शिष्य परंपरा में उज्जैन में डॉ लोकेश बहाने से सितार की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।





## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कंदेली | 10/6 | 195 वर्गफुट | मुकेश गुप्ता आ. गणेशचंद गुप्ता, मनोज गुप्ता आ. गणेशचंद गुप्ता निवासी कंदेली | मुकेश गुप्ता आ. गणेशचंद गुप्ता, मनोज गुप्ता आ. गणेशचंद गुप्ता निवासी मुशरान वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है। नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कंदेली | 10/4 | 195 वर्गफुट | श्रीमति नमिता गुप्ता पत्नि मनोज गुप्ता निवासी मुशरान वार्ड कंदेली | श्रीमति नमिता गुप्ता पत्नि मनोज गुप्ता निवासी मुशरान वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है। नजूल अधिकारी नरसिंहपुर


## केहरपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत केहरपुर स्कूल प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच सतवंत सिंह उलारी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा योजना का प्रारंभ हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को दिल्ली के लाल किले से किया गया था। इसका उद्देश्य है भारत को खुले में शौच से मुक्त बनाना स्वच्छता और शौचालय सुविधाओं को हर घर तक पहुंचाना कचरा प्रबंधन में सुधार करना और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना फैलाना है। कार्यक्रम में सचिव संतोष ठाकुर, पटवारी चंद्र प्रताप धुर्वे, प्राचार्य धनीराम मरावी, क्षेत्रीय अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय श्रवण कुमार साहू, मेट सुनील कार्तिकेय, नवयुवक भजन मंडली सर्रा के मंडल सदस्य, केहरपुर स्कूल के शिक्षकगण, ग्रामवासी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दण्डाधिकारी का प्रतिबंधात्मक आदेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में धान फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य किया गया है।



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कंदेली | 10/1 | 2046.75 वर्गफुट | नितिन पाठक आ. ब्रजमोहन पाठक निवासी रामवार्ड कंदेली नरसिंहपुर | नितिन पाठक आ. ब्रजमोहन पाठक निवासी रामवार्ड कंदेली नरसिंहपुर |

इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है। नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-6 सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत बैनामा के आधार पर की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कंदेली | 10/8 | 209 वर्गफुट | शंकरलाल प्रजापति आ.खुशालचंद प्रजापति निवासी आनंद नगर कालोनी रामवार्ड कंदेली | मनोहर बंजारी आ. श्यामराव बंजारी निवासी जेल के पीछे रोंसरा नरसिंहपुर |

इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है। नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20 (1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कंदेली | 10/5 | 195 वर्गफुट | श्रीमति अंजना गुप्ता पत्नि मुकेश गुप्ता निवासी मुशरान वार्ड कंदेली | श्रीमति अंजना गुप्ता पत्नि मुकेश गुप्ता निवासी मुशरान वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है। नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

## 22 अक्टूबर को इकतीस हजार दीपों से सजेगा बांधा मंदिर



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में प्रत्येक सनातनी पर्व अपनी पूर्ण भव्यता एवं उत्सव के साथ आयोजित होते हैं, इसी क्रम में 22 अक्टूबर दिन बुधवार को गोवर्धन पूजन, अन्नकूट पर्व पर भगवान श्री राधाकृष्ण जी को दीपदान अर्पित होंगे। इकतीस हजार दीपों से संपूर्ण मंदिर परिसर विशेष आकर्षक रंगोलियों से सजेगा। उक्त दीपदान सायं 5 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। सायं 7 बजे भगवान की राधाकृष्ण जी, आदिशक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी, हनुमान जी की भव्य महाआरती एवं प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर गोप ग्वाल नृत्य आदि विशेष सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारने की प्रार्थना की है।

# कटनी मैहर रोड पर वाहनों की सघन जांच, पांच वाहनों पर कार्रवाई








कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त क्षत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी मैहर रोड पर लगातार दूसरे दिन वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में पांच वाहनों पर कार्रवाई की गई और समन शुल्क वसूल किया गया। इस विशेष जांच में, परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। जिन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें शामिल हैं:- एमपी21जी1374- इस वाहन के चालक ने बिना परमिट के वाहन का संचालन किया था। इसके लिए 10,000 का समन शुल्क वसूला गया। एमपी21जी1477- इस वाहन को भी बिना परमिट के चलाए जाने पर 10,000 का समन शुल्क दिया गया। एमपी53जी ।2947- इस वाहन में पीयूसी प्रमाण पत्र नहीं था, जिसके कारण 5,000 का समन शुल्क लिया गया। एमपी21जी३345- यह वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के चलाया जा रहा था, जिस पर 3,000 का समन शुल्क वसूला गया। एमपी20जीबी6490- इस वाहन के चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इस उल्लंघन पर 5,000 का समन शुल्क लिया गया। अतिरिक्त क्षत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम के तहत की गई है और विभाग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का पालन कराना है। उन्होंने यह भी कहा किए हमारी यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सड़क पर चलने वाले सभी वाहन सुरक्षा मानकों को पूरा करें और यातायात नियमों का उल्लंघन न हो। इस प्रकार की जांच अभियान भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही, उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे बिना परमिट, बिना फिटनेस या बिना पीयूसी के वाहन न चलाएं और सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच समय-समय पर करवाते रहें। इस प्रकार की कार्रवाई से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है और यातायात में सुगमता बनी रहती है। इस अभियान के बाद, विभाग ने यह स्पष्ट किया कि यदि कोई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे जुर्माना भरना पड़ेगा। परिवहन विभाग का यह कदम रोड सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ सड़क पर अव्यवस्था और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अगले सप्ताह भी इसी प्रकार की जांच अभियान की योजना बनाई गई है, ताकि सड़क पर सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जा सके।

## कलेक्टर ने किया उमरियापान अस्पताल का औचक निरीक्षण





कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपचार हेतु पहुंचे मरीजों और उनके साथ आये परिजनों से भी बात किया। कलेक्टर ने यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुपोषित बच्चों की माताओं से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बच्चे के इलाज हेतु सपत्नीक पहुंचे उमरियापान निवासी रंजीत वंशकार और विद्यावती निवासी ढीमरखेड़ा से चर्चा कर अस्पताल में मिलने वाली नि:शुल्क दवाईयों व उपचार आदि की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर और एएनएम अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर अति कुपोषित बच्चों एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित करके पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं और उनका ख्याल रखें, बेहतर देखभाल हो। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक उनकी देखरेख करें तथा जब वह अति कुपोषित बच्चा पोषण पुनर्वास केंद्र में रहकर ठीक हो जाए तथा डिस्चार्ज होकर वह घर वापस जाए तो समय-समय पर उन्हें दूरभाष के माध्यम से भी उस बच्चे के संबंध में जानकारी लेकर फॉलोअप दर्ज करें। बीएमओ डॉ. बीके प्रसाद ने बताया कि यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र की क्षमता 10 बिस्तरीय है और यहां 10 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। इसके पहले कलेक्टर ने कंप्यूटर कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, उमंग स्वास्थ्य केंद्र, जनरल वार्ड और आयुष्मान कार्ड कक्ष का भ्रमण कर जायजा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल की ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने और पानी की व्यवस्थित निकासी कर मुख्य नाली से जोड़ने कार्यपालन यंत्री आर ई एस और जनपद पंचायत सीईओ ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया।

## ट्रक की टक्कर से सफाईकर्मी की मौत

### सफाईकर्मियों ने काम बंद कर किया हंगामा

कटनी (स्वतंत्रमत)



ट्रक की टक्कर से सफाई कर्मी की मौत सफाई कर्मियों ने काम बंद कर किया हंगामा यातायात पुलिस की गंभीर लापरवाही का लगाया आरो कटनी-माधव नगर थाना क्षेत्र के कुछ ही दूरी पर एसीसी फैक्ट्री रोड पर सुबह सुबह भारी भरकम ट्रक ने सड़क किनारे झाडू लगा रहे सफाई कर्मी को टक्कर मार दी जिससे सफाई कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन भी पहुंच गए जिसके बाद परिजनों ने घटना स्थल पर जमकर हंगामा किया उनका कहना था इस रोड पर हमेशा भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है यातायात पुलिस द्वारा कभी रोक नहीं लगायी गयी जिससे एक सफाई कर्मी की मौत हो गई घटना के बाद से पूरे शहर में सफाई कर्मियों ने काम बंद कर दिया है जिससे जगह जगह कचरा का ढेर लगा रहा है परिजनों का हंगामा जारी रहा।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि आज

कटनी (स्वतंत्रमत)



सोयाबीन खरीफ वर्ष 2025 विपणन वर्ष 2025-26 में भावांतर भुगतान योजनांतर्गत किसान भाई ई-उपार्जन पोर्टल पर 17 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की बिक्री हेतु पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर सहकारी विपणन मर्यादित कटनी, कृषि उपज मंडी को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया है। किसान भाइयों से आग्रह किया गया है कि बिना देरी किए अपना पंजीयन अवश्य करा लेवें। जबकि राज्य शासन द्वारा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। किसानों को भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव, विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव, विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए किसान का उत्पादन मॉडल भाव 4600 रूपए पर हुआ है तो समर्थन मूल्य 5328 में से शेष अर्थात् भावांतर राशि 628 रूपए प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। तीसरी स्थिति में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य के औसम मॉडल प्राइस से कम होने की दिशा में किसान को एमएसपी और घोषित औसत मॉडल प्राइस के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक स्थिति में किसान का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

## जहाँ सपनों को कैद कर दिया गया है, आदिवासी छात्रावास में बच्चों की चीखें दबा दी प्रशासनिक बेपरवाही ने

### बेशर्म सिस्टम की वजह से मासूम छात्र जी रहे कैदियों जैसा जीवन, अधिकारी मूकदर्शक

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ कटनी जिले की प्रशासनिक लापरवाही ने एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर दिया है। आदिवासी हरिजन छात्रावास जहाँ बच्चों के सपनों को आकार देने की व्यवस्था होनी चाहिए थी वहाँ अब भूख बदबू और बेबसी का साम्राज्य फैला हुआ है। मासूम छात्र गंदगी और उपेक्षा के बीच कैदियों जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं। जबकि जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। लगातार शिकायतों के बाद नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे जब पार्षदगणों के साथ छात्रावास पहुँचीं तो वहाँ के नजारे देखकर सन्न रह गईं। न कोई चौकीदार न कोई कर्मचारी कमरे बदबू से भरे बिजली के पंखे बंद और रसोई में रखा खाना सड़ा हुआ। जब उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे कैसे रह रहे हैं तो बच्चों की आँखों से आंसू छलक पड़े। अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने भावुक होते हुए कहा इन मासूम बच्चों की स्थिति देखकर दिल कांप उठा। यह छात्रावास नहीं लापरवाही का कारागार है। यदि यह शिक्षा का केंद्र है तो फिर अमानवीयता का स्वरूप क्या होगा। छात्रों ने बताया कि बीमार होने पर उन्हें दवा तक नहीं दी जाती। वार्डन जरहा, जो एसडीएम कार्यालय में काम करते हैं, शायद ही कभी छात्रावास आते हों। वार्डन की अनुपस्थिति में बच्चों की देखभाल और भोजन व्यवस्था दोनों चरमरा चुकी है। विभागीय अधिकारी विमल चौरसिया ने औपचारिक जवाब देते हुए कहा व्यवस्था सुधार की जा रही है। पर सवाल यही है कि कब तक सुधार का वादा करते-करते साल बीत गए, और हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। पालकों का दर्द भी अब उभरकर सामने आने लगा है। वे कहते हैं हमने अपने बच्चों को पढ़ने भेजा था, सड़ने नहीं। यह शिक्षा नहीं यातना है। जिला कलेक्टर जो खुद को जिले का मुखिया कहते हैं अब तक केवल बयानबाज़ी तक सीमित हैं। कटनी कलेक्टर ने कहा जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन यह किए जाएंगे शब्द ही प्रशासन की असंवेदनशीलता का सबसे बड़ा प्रमाण बन चुके हैं। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर छात्रावास की स्थिति में सुधार नहीं होता तो परिषद स्वयं हस्तक्षेप करेगी और शासन-प्रशासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी। यह सवाल जिले की अंतरात्मा को झकझोरता है क्या गरीब आदिवासी बच्चों का भविष्य इतना सस्ता है कि उनकी चीखें भी प्रशासन तक नहीं पहुँचतीं। अगर यह व्यवस्था है, तो शर्म की बात यह है कि इस पर शासन गर्व भी कर रहा है।

## कफ सिरप : कांग्रेसजनों ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के द्वारा एक ज्ञापन सिविल सर्जन को सौंपा गया महामहिम राजपाल के नाम का विगत दिनों छिंदवाड़ा जिला के अंतर्गत जहरीली मिलावट कफ सिरप पीने से मासूम बच्चों की मौत में जांच करा कर संलिप्त अधिकारी व्यापारी और संरक्षण देने वाले नेताओं के ऊपर हत्या का केस दर्ज कर ठोस और न्याय संगत कार्रवाई करने बाबत जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला ने सिविल सर्जन के समक्ष यह भी कहा कि जिला चिकित्सालय कटनी में किसी प्रकार की लापरवाही चिकित्सकों द्वारा ना किया जाए अगर किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी घटना घटित होगी तो उसके जवाबदार आप रहेंगे डॉक्टर यशवंत वर्मा को ज्ञापन सोपा गया ग्रामीण अध्यक्ष सौरव सिंह उन्होंने भी अपने वक्तव्य में कहा कि छिंदवाड़ा में मासूम जनों की जो जान गई है उसमें स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें और जिन अधिकारियों की वजह से बच्चों की जान गई है उनके ऊपर हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए ज्ञापन सौपने में मुख्य रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनरेश त्रिपाठी, महिलाकांग्रेस प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा, आदिता वर्मा, राजा जगबानी, डॉक्टर आनंद पटेल, अजय जैसवानी, पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू, नारायण निषाद, पूर्व पार्षद राजेश जाटव, विजय मंगल चौधरी, संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, विनीत जायसवाल, श्याम यादव, आफताब अहमद, चोखे भाई, मुन्ना कुशवाहा, कमलेश यादव, जॉर्ज डेविड, अभय खरे, सचिन गर्ग, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रशांत पांडे, रॉबिन पीटर, जगमीत सिंह।

## निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अपने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत सिमरिया और ढीमरखेड़ा में निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और तय समय-सीमा के भीतर पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सिमरिया में करीब 20 लाख रूपये की लागत से अधोसंरचना मद से निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये सहायक यंत्री अजय केशरवानी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा तहसील कार्यालय परिसर में करीब 1 करोड़ 31 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद परियोजना क्रियान्वयन इकाई के सहायक यंत्री को तय मानकों और ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप एवं फर्निसिंग व पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा में तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया और यहां राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, तहसीलदार द्वय आकांक्षा चौरसिया एवं नितिन पटेल मौजूद रहे। कलेक्टर ने तहसील भवन के निर्वाचन कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष एवं न्यायालयीन कक्षों का भी निरीक्षण किया और रीडर्स से प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रियात्मक जानकारी प्राप्त की।

## हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ हस्ताक्षर अभियान

कटनी (स्वतंत्रमत)



भारत की आयुध निर्माणियाँ भारतीय सेना का चौथा स्तंभ कहलाती हैं। 1अक्टूबर 2021 को भारत सरकार ने देश की सभी आयुध निर्माणियों के निगमीकरण का फैसला कर एलान भी कर दिया। इस एलान के तुरंत बाद रक्षा क्षेत्र में कार्यरत सभी महासंघों ने इस पर प्रतिकूल प्रतिक्रिया दी। कइयों बार सरकार के प्रतिनिधियों से मेज वार्ता की, काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया, ज्ञापन सौंपे यहाँ तक कि हड़ताल भी की। किंतु कुम्भकर्णीय नींद सोती सरकार के कान में जूँ तक नहीं रेंगी। सरकार ने ये लिखित आश्वासन दिया था कि जब तक निगम की नीति तय नहीं होती तब तक समस्त आयुध कर्मचारी पर रहेंगे अर्थात सरकारी एवं केंद्रीय रहेंगे। उनकी सेवा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। किंतु सरकार इससे भी मुकर गई। तत्पश्चात महासंघों ने न्याय प्रक्रिया पर विश्वास करते हुए कानून का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय गए। न्यायालय में सरकार के पक्ष से हलफनामा दाखिल किया गया कि हम कर्मचारियों की अनुमति के बिना उन्हें निगम के अधीन नहीं करेंगे। सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध अब रक्षा क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त महासंघों जिसमें ढ्ढष्ठश्वस्न, ढ्ढद्गष्ठड्डस्न, क्क्क्रस् एवं ष्ठष्ठक्र हैं ने एकजुट होकर सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध विगुल फूँक दिया है। महासंघों के आहवान पर आयुध निर्माणी कटनी में भी एक संयुक्त संघर्ष समिति बनी जिसने 09 सितंबर 2025 को पम्पलेट वितरण कर एवं 10 सितंबर को निर्माणी मुख्य द्वार पर आमसभा आयोजित कर कर्मचारियों को जगाया, उनकी सोच को एक दिशा दी तथा उनके मन को आंदोलित किया। 11 सितंबर से 09 अक्टूबर 2025 तक महासंघों के निर्देशानुसार देश की समस्त निर्माणियों की तरह निर्माणी कटनी में भी एक हस्ताक्षर अभियान जोश और उत्साह के साथ संपन्न किया गया। संयुक्त संघर्ष समिति के महासचिव संजय तिवारी ने बताया किए दिनाँक 15 अक्टूबर को लगभग सभी कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित समस्त प्रारूप कार्यकारी निदेशक के माध्यम से डीडीजी, फील्ड यूनिट, जबलपुर को भेजे गए हैं। निर्माणी के 575 कर्मियों में से 525 कर्मियों ने सरकारी चयनित हुए थे, सेवानिवृत्ति तक सरकारी ही रहेंगे के विकल्प को चुना है जो कि 91.3 प्रतिशत होता है। महासचिव संजय तिवारी ने इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समस्त कर्मचारियों को दिया है। संयोजक शिवाजी प्रताप सिंह ने संयुक्त संघर्ष समिति के संरक्षक मंडल सदस्य शिव पाण्डेय, अजय प्रताप सिंह बघेल एवं रजनीश शर्मा का मार्गदर्शन हेतु साधुवाद किया।

# ज्ञान दत्तू, भव्या-विशाखा क्वाफा में तन्वी, उन्नति भी आगे बढ़ीं

गुवाहाटी (वार्ता)।

ज्ञान दत्तू टीटी और भव्या छाबड़ा व विशाखा टोप्पो की मिश्रित युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में अपने उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों को हराकर उलटफेर किया, जबकि लड़कियों की एकल जोड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपना पहला विश्व जूनियर्स खेल रहे ज्ञान दत्तू ने लड़कों के एकल वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के गैरेट टैन को 15-12, 15-13 से हराया, जबकि भव्या और विशाखा ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी करते हुए थिबॉल्ट गार्डन और अगाथे क्यूवास की तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को 12-15, 15-11, 15-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

लड़कियों के एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने चीन की सुन ली युआन को 15-8, 15-5 से हराया, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने खराब शुरुआत से उबरते हुए मलेशिया की कैरीन टी को 15-10, 15-7 से हराया। क्वार्टर




फाइनल में तन्वी का सामना जापान की साकी मात्सुमोतो से होगा, जबकि उन्नति का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासाक से होगा। तन्वी और उन्नति जहां उम्मीदों पर खरी उतरीं, वहीं ज्ञान दत्तू और भव्या व विशाखा की जोड़ी ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और पदक के करीब पहुंच गईं।

एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते हुए, ज्ञान दत्तू ने अपने रैकेट कौशल का प्रदर्शन किया और खासकर दबाव में, आखिरी क्षणों में फ्लिक और फ्लैट पुश का इस्तेमाल करते हुए तन को मात दी। बगल के कोर्ट पर, भव्य और टोप्पो ने कोर्ट के बेहतर हिस्से से खेल की योजना को बखूबी अंजाम दिया और फ्रांस के तीसरे वरीय खिलाड़ी को हरा दिया। पहला गेम आसानी से हारने के बाद, भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में आक्रामक रुख अपनाते हुए वापसी की। निर्णायक गेम काफी तनावपूर्ण रहा क्योंकि तीसरे वरीय खिलाड़ी 8-6 से बढ़त बनाए हुए थे और फिर 11-8 से आरामदायक स्थिति में दिख रहे थे। तभी भारतीयों ने रणनीति बदलने और अपने विरोधियों को आक्रमण करने से रोकने का फैसला किया। इसका मतलब था कि भव्य को जीत हासिल करने के मौके मिले और भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक जीतकर पासा पलट दिया। भव्या और विशाखा का सामना अब चीनी ताइपे की हंग बिंग फू और चोउ युन एन की जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरे प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में कोरिया की किम ताए ह्यून और मून इन सेओ को 15-9, 15-11 से हराया था।

# सितंबर के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए अभिषेक और मंधाना




**दुबई (वार्ता)।** अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार उन्होंने सितंबर के लिए अन्य प्रबल दावेदारों को पछाड़ने में मदद करते हुए जीता। एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अभिषेक के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसकों और आलोचकों दोनों ने सराहना की और यह प्लेयर ऑफ द मंथ के पुरस्कारों में भी झलकता है। इस आक्रामक बल्लेबाज़ ने इस दौरान सात मैचों में 44.85 की औसत और 200 के शानदार स्ट्राइक-रेट से 314 रन बनाए। 25 वर्षीय इस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया और उन्होंने एशिया कप के दौरान आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अब तक के सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल किए, सुपर फ़ोर चरण के अंत में 931 अंक हासिल किए। उन्होंने यह पुरस्कार अपने साथी खिलाड़ी कुलदीप यादव और ज़िम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट से आगे रहकर जीता।

अभिषेक ने कहा, यह आईसीसी पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह पुरस्कार मुझे कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मैं जीत दिलाने में मदद कर सका। मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर गर्व है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत हासिल कर सकती है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी उत्कृष्ट टीम संस्कृति और सकारात्मक मानसिकता को दर्शाता है। अभिषेक की तरह बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मैचों में 58, 117 और 125 रन बनाए। भारतीय उप-कप्तान ने इस दौरान चार एकदिवसीय मैचों में 77 की औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारत के अभियान की अगुवाई कर रही मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक लगाया, जब उन्होंने तीसरे मैच में सिर्फ़ 50 गेंदों पर शतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका की तज़मीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं। मंधाना ने कहा, सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूँ।

## जोरावर के दो परफेक्ट राउंड लीडरबोर्ड पर दूसरे स्थान पर पहुंचे



**एथेंस (वार्ता)।** भारत के अनुभवी ट्रैप शूटर ज़ोरावर सिंह संधू ने गुरुवार को लगातार दो परफेक्ट राउंड (25-25) फायर करते हुए पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन लीडरबोर्ड में दूसरा स्थान हासिल किया। शुक्रवार (17 अक्टूबर) को अंतिम 25 शॉट्स का राउंड बाकी है, और 30 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे यह दिग्गज निशानेबाज अब इतिहास रचने के कगार पर हैं। ग्रीस के एथेंस स्थित मालाकासा शूटिंग रेंज में जारी इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में ज़ोरावर ने चार राउंड (24, 25, 25, 25) में कुल 99 का स्कोर बनाया है। वे फिलहाल क्रोएशिया के दो ग्लासनोविक भाइयों-एंटन और योसिप-के बीच स्थित हैं। बड़े भाई एंटन, जो पूर्व विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता हैं, ने अब तक कोई निशाना नहीं छोड़ा है और शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पूर्व ओलंपिक चैम्पियन योसिप का स्कोर ज़ोरावर के समान है, लेकिन वे काउंटबैक नियम के आधार पर तीसरे स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं और कई पूर्व ओलंपिक व विश्व चैम्पियनों से सजी इस प्रतिस्पर्धा में ज़ोरावर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने विशिष्ट तेज अंदाज में दो बेदाग राउंड पूरे किए, जिससे वे शीर्ष छह के फाइनल में जगह बनाने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। बुधवार को पहले राउंड में एक निशाना चूकने के बाद ज़ोरावर ने लगातार तीन परफेक्ट राउंड लगाकर खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बंगलादेश को 10 विकैट से हराया

विशाखापत्तनम (वार्ता)।

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान अलिसा हीली (नाबाद 113) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 84) की सलामी विस्फोटक साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप मुकाबले में गुरूवार को बंगलादेश को 151 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की अलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड की जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। अलिसा हीली ने 77 गेंदों में 20 चौके लगाते हुए (नाबाद 113) रन बनाये। वहीं फीबी चिलफील्ड ने 72 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 24.5 ओवर मे बिन कोई विकेट खोए 202 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर




पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया है। इसमें सोभना मोस्टरी (नाबाद 66) का अहम योगदान रहा। उन्होंने बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास सहयोग नहीं मिला। बांग्लादेश ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन बीच के ओवरों में वे थोड़ा गड़बड़ा गए, वरना वे और बड़ा स्कोर बना सकते थे। ऑस्ट्रेलिया ने मैदान पर थोड़ी गड़बड़ी की और गेंदबाजी में बदलाव भी थोड़ा उलझन भरा रहा। अलाना किंग और जार्जिया वेयरहैम ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की, जिन्होंने 17 ओवरों में मिलकर चार विकेट लिए और केवल 40 रन दिए। सोभना मोस्टरी द्वारा बनाये गए नाबाद 66 रन, वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बंगलादेश महिला टीम का पहला 50 से अधिक का स्कोर है। रुबया हैदर ने 44 रन का योगदान दिया। बंगलादेश के स्कोर में 22 वाइड सहित 28 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा। बंगलादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर बनाया।

## राहिल गंगजी और ध्रूव श्योरण ने पहले दिन शानदार शुरुआत की



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** राहिल गंगजी और ध्रूव श्योरण की भारतीय जोड़ी ने दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) में खेली जा रही 40 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन गुरूवार को शानदार शुरुआत की। आयरलैंड के पूर्व ओपन चैंपियन शेन लोरी ने आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर पहले दौर में बढ़त हासिल की और जापान के पूर्व इंडियन ओपन विजेता कीता नाकाजिमा 65 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहे। राहिल गंगजी (67) और ध्रूव श्योरण (68) के प्रयासों की बदौलत भारतीय ध्वज फहराया गया, जिन्होंने पहले दौर का अंत क्रमशः संयुक्त चौथे और संयुक्त सातवें स्थान पर किया। युवराज संधू (69) संयुक्त 17वें स्थान पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। अनिर्बान लाहिड़ी और अभिनव लोहान 70 का स्कोर बनाकर संयुक्त 28वें स्थान पर रहे। शुभंकर शर्मा 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 99वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड और ल्यूक डोनाल्ड सहित टूर्नामेंट के सबसे बड़े नाम, साथ ही पूर्व ओपन चैंपियन अमेरिकी ब्रायन हरमन, 68 के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट से पहले के पसंदीदा, विश्व नंबर 2 और मौजूदा मास्टर्स चैंपियन उत्तरी आयरलैंड के रोरी मैक्लरॉय पहले दिन 69 के स्कोर के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर रहे।

# भारत और ब्राजील के बीच व्यापार पांच साल में 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली (वार्ता)।** ब्राजील के उपराष्ट्रपति एवं विकास, उद्योग, व्यापार तथा सेवा मंत्री गेराल्डो अल्कमिन ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत और ब्राजील के संबंध मजबूत हैं और दोनों देश आपसी व्यापार को 2030 तक 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखते हैं। दोनों देशों के बीच 2024 में 12 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत यात्रा पर आये श्री अल्कमिन ने यहां दोनों देशों के उद्यमियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष भारत से ब्राजील का निर्यात 30 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है और ब्राजील से आयात भी बढ़ रहा है। हम 2030 तक 20 अरब डॉलर के विदेशी व्यापार लक्ष्य को पार कर लेंगे। फिक्की, एपेक्सब्रासिल और सीएनआई रिपीट सीएनआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारत-ब्राजील व्यापार संवाद कार्यक्रम को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी संबोधित किया। ब्राजील के उपराष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। ब्राज़ील भारतीय निवेश के लिए अपने द्वार खोल रहा है और हम मिलकर अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बदल सकते हैं और भविष्य के लिए एक मज़बूत ब्राज़ील-भारत गठबंधन बना सकते हैं।



ब्राज़ील निर्यात और निवेश के विविधीकरण के लिए भारत को एक प्राथमिकता वाला साझेदार मानता है। दोहरे कराधान से बचने के लिए निवेश सुविधा समझौते में सहयोग में प्रगति एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाती है जो पूर्वानुमानित और सुरक्षित है। हम तरजीही व्यापार समझौते को व्यापक बनाना चाहते हैं ताकि हमारे व्यापार प्रवाह में वृद्धि हो। हम नागरिक और रक्षा क्षेत्रों में अपने दीर्घकालिक सहयोग को मज़बूत करना चाहते हैं। श्री अल्कमिन ने भारतीय कंपनियों को ब्राज़ील में ऑटोमोटिव, आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, एयरोस्पेस, कृषि, सेमीकंडक्टर और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि दोनों देश एक दूसरे के यहां आवागमन में आसानी के लिए ई-वीज़ा पर भी काम कर रहे हैं। ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति ने कहा, हम एआई, उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और तकनीकी स्टार्ट-अप के लिए ब्राज़ील-भारत डिजिटल साझेदारी शुरू करने के लिए तैयार हैं। यह डिजिटल साझेदारी नई हरित और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रेरक शक्ति होगी जिससे अधिक रोज़गार और तकनीकी संप्रभुता का सृजन होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अगले 20 वर्षों तक सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने का लक्ष्य रखता है। पिछले 12 वर्षों में, 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है जो अब देश के उपभोग और विकास की कहानी को गति दे रहा है। उन्होंने संरचनात्मक सुधारों, व्यापार में आसानी और अनुपालन बोझ को कम करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, सरकार के प्रयासों ने निवेशकों का विश्वास मज़बूत किया है। फिक्की के अध्यक्ष और इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि भारत और ब्राज़ील एक अधिक संतुलित और समावेशी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में स्वाभाविक साझेदार हैं।



## रुपया 12 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को 12 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 87.96 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा दो दिन में 85 पैसे (लगभग एक प्रतिशत) मजबूत हो चुकी है। इससे पहले बुधवार को यह ऐतिहासिक निचले स्तर से 73 पैसे की लंबी छलांग लगाकर 88.08 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गयी थी। रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही। यह 32 पैसे की मजबूती के साथ 87.76 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और एक समय 87.69 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। घरेलू शेयर बाजारों में रही एक प्रतिशत से अधिक की जबरदस्त तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में पैसा लगाने से रुपया मजबूत हुआ है।

# इंडिगो का डिजी यात्रा से करार

## एयरपोर्ट पर बोर्डिंग होगी आसान

नयी दिल्ली (वार्ता)।

विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने अपने यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए देश के हवाई अड्डों पर बोर्डिंग के लिए बायोमीट्रिक पहचान आधारित इकोसिस्टम प्रदान करने वाली कंपनी डिजी यात्रा के साथ करार किया है। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां अपने ऐप को एक-दूसरे से जोड़ेंगी ताकि इंडिगो के यात्री अपना बोर्डिंग पास डिजी यात्रा के साथ शेयर कर सकें। इससे चेक-इन के दौरान बोर्डिंग पास का क्यूआर कोड स्कैन करने की जरूरत समाप्त हो जायेगी जिससे चेक-इन में लगने वाले समय में कमी आयेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इंडिगो के यात्री अब वेब चेक-इन पूरा करने के बाद इंडिगो ऐप में शेयर विद डिजी यात्रा पर क्लिक करके अपना बोर्डिंग पास सीधे डिजी यात्रा ऐप के साथ साझा कर सकते हैं। इससे अब उन्हें अपने बोर्डिंग पास पर क्यूआर कोड को मैन्युअल रूप से स्कैन करने या उसे डिजिटल रूप से अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे अक्सर यात्रियों को अतिरिक्त कदम उठाने पड़ते थे और देरी होती थी। इंडिगो ने बताया कि यह प्रक्रिया इस तरह से डिजाइन की गई है कि हर चरण पर उपयोगकर्ता की सहमति ली जाये और केवल आवश्यक विवरण ही डिजी यात्रा के हवाई अड्डा




सत्यापनकर्ताओं के साथ साझा किए जायें। यह डिजाइन गोपनीयता के सिद्धांतों का पालन करता है क्योंकि पूरा ट्रांजैक्शन डीप लिंकिंग के माध्यम से फोन पर ऑफ़लाइन होता है, जिसमें सर्वर या क्लाउड की कोई भागीदारी नहीं होती है। डिजी यात्रा फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश खड़कभावी ने कहा, हमारा मिशन हवाई यात्रा को हर यात्री के लिए एक सहज, सुरक्षित और कागज रहित अनुभव में बदलना है। इंडिगो के साथ यह सहयोग इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अपनी तकनीक को इंडिगो के ऐप के साथ सीधे एकीकृत करके, हम यात्रियों को तेज चेक-इन, सुगम बोर्डिंग और बेहतर सुविधा का आनंद लेने में सक्षम बना रहे हैं। इंडिगो के मुख्य सूचना और डिजिटल अधिकारी नीतन चोपड़ा ने कहा, हर साल, हम लाखों ग्राहकों को हवाई यात्रा कराते हैं जो सुरक्षित, समय पर और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव के हमारे वादे पर भरोसा करते हैं।

## दूरसंचार कंपनियों के लिए रिपोर्टिंग में चूक पर जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों के रिपोर्टिंग में देरी करने पर जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। दूरसंचार नियामक ने गुरुवार को दूरसंचार टैरिफ (72वां संशोधन) आदेश, 2025 का प्रारूप जारी किया। इसमें कहा गया है कि यदि कोई दूरसंचार सेवा प्रदाता अपने टैरिफ में बदलाव करता है और



इसकी जानकारी देने (रिपोर्टिंग) में देरी करता है तो उसे पहले सात दिन के लिए 10 हजार रुपये प्रति दिन जुर्माना देना होगा। सात दिन के बाद हर दिन के लिए 20 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जायेगा। जुर्माने की राशि अधिकतम पांच लाख रुपये होगी। मौजूदा नियमों को अनुसार हर दिन की देरी के लिए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है और अधिकतम जुर्माना राशि दो लाख रुपये है। ट्राई ने कहा है कि जुर्माना कम होने से कई कंपनियां रिपोर्टिंग के बारे में गंभीर नहीं हैं जो समय पर रिपोर्टिंग करने वाली कंपनियों के साथ भेदभाव है। नियमों में बदलाव के प्रारूप पर 31 अक्टबूर तक हितधारकों से प्रतिक्रिया आमंत्रित की गयी है। जुर्माना बढ़ाने के साथ प्रारूप में यह भी प्रावधान जोड़ा गया है कि नियामक किसी भी सेवा प्रदाता का पक्ष सुने बिना उसे जुर्माने के भुगतान का आदेश नहीं दे सकता। अनुपालन में चूक का कारण उचित पाये जाने पर जुर्माना माफ या कम किया जा सकता है।

# रुपये की मजबूती से शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी

मुंबई (वार्ता)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान और डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार दूसरे दिन जोरदार मजबूती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक करीब 190 अंक की मजबूती के साथ खुला और बीच कारोबार में 1,000 अंक से ज्यादा चढ़ गया। अंत में यह 862.23 अंक (1.04 प्रतिशत) ऊपर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 09 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 261.75 अंक चढ़कर 25,585.30 अंक पर पहुंच गया जो इसका 27 जून के बाद का उच्चतम स्तर है।

श्री ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का वादा किया है। इसके बाद भारत-अमेरिका व्यापार



समझौते की दिशा में प्रगति तेज होने की उम्मीद जगी है। इसे देखते हुए निवेशकों ने बाजार में जमकर पैसा लगाया। इसके अलावा, रुपया भी लगातार दो दिनों में डॉलर की तुलना में एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ है। इससे भी शेयर बाजारों को समर्थन मिला है और निवेश धारणा मजबूत हुई है।

बाजार में चौतरफा लिवाली देखी गयी और सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में एफएमसीजी का सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहा। रियलिटी, ऑटो, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.53 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.24 प्रतिशत चढ़ा। एनएसई में कुल 3,192 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,814 हरे निशान में और 1,280 लाल निशान में बंद हुए जबकि 98 कंपनियों के सूचकांक अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत की बढ़त में रहा। टाइटन में 2.63 फीसदी, एक्सिस बैंक में 2.33, अडानी पोर्ट्स में 1.97, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.82 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स का शेयर 1.59 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.54, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.53, ट्रेंट का 1.48, एशियन पेंट्स का 1.44, आईसीआईसीआई बैंक का 1.34, एचसीएल टेक का 1.28 और आईटीसी का 1.25 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, बीईएल और टाटा स्टील के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल में सबसे अधिक 1.73 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। एशिया में जापान का निक्केई 1.27 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं,हांगकांग के हैंगसेंग में 0.09 फीसदी की नरमी देखी गयी। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे है जबकि जर्मनी के डैक्स सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त में है।

## चावल, गेहूं, चीनी मजबूत दालों-तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। गेहूं और चीनी में भी तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा छह रिंगिट चढ़कर 4,518 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,17 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,871.38 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भी 15 रुपये चढ़कर 2,856.89 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,308.96 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 90 रुपये और वनस्पति की 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़



गयी। सूरजमुखी तेल 17 रुपये और पाम ऑयल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं, सरसों तेल की कीमत 111 रुपये और सोया तेल की 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 15 रुपये और मसूर दाल की पांच रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। तुअर दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 30 रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।दाल चना 7917.56 रुपये, मसूर काली 8152.61 रुपये, मूंग दाल 10126.71 रुपये, उड़द दाल 10416.65 रुपये, तुअर दाल 10565 रुपये प्रति क्विंटल।

# इमरजेंसी कक्ष में डॉक्टर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय सागर के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं कि सभी डॉक्टर समय का पालन करते हुए मरीजों का उपचार करें। इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटी के अनुसार डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं की जांच और उपचार समय पर होना चाहिए। प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित जांच शिविरों में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा समुचित परीक्षण किए जाएं।



### आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई, स्वच्छता और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी शीघ्र पूरी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। उन्होंने बताया कि टेलीमेडिसिन व्यवस्था से विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सलाह ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे उपचार में पारदर्शिता और गति आई है। उन्होंने यह भी कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों के पोषण हेतु पोषण पुनर्वास केंद्रों में लक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, बीएमसी डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### डॉ. भाईसारे का निधन चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय भाईसारे के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि डॉ. भाईसारे का जीवन चिकित्सा, शिक्षा और मानवता का अद्भुत संगम रहा। महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर के नेत्र रोग विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा दी। कोविड-19 एवं ब्लैक फंगस के कठिन दौर में भी उन्होंने अदम्य साहस और सेवा भावना के साथ कार्य किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि डॉ. भाईसारे मध्यप्रदेश के पहले पीएच.डी. गाइड, उत्कृष्ट शिक्षक और प्रेरणादायक मार्गदर्शक थे।



# श्मशानों को वर्ष 2026 तक अतिक्रमण मुक्त कर किया जाएगा सुसज्जित : प्रहलाद सिंह पटेल

भोपाल।

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरूवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**कांफ्रेंस के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा**-बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय कांफ्रेंस के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह कांफ्रेंस आगामी 24, 25 एवं 26 नवंबर 2025 को भोपाल में आयोजित की जाएगी। मंत्री श्री पटेल ने सम्मेलन के एजेंडे को इस प्रकार तैयार करने के निर्देश दिए जिससे पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण विकास, स्वच्छता, सतत आजीविका, स्थानीय स्वशासन और जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक मंथन हो सके।

**व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश**-बैठक में प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के श्मशानों को व्यवस्थित करने हेतु एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। श्री पटेल ने कहा कि वर्ष 2026 तक प्रदेश के सभी श्मशान स्थलों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और फेंसिंग, पौधरोपण सहित अप्रोच रोड की सुविधा से जोड़ा जाए ताकि उन्हें स्वच्छ एवं सम्मानजनक स्वरूप प्रदान किया जा सके।

**माँ की बगिया योजना ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की**-मंत्री श्री पटेल ने बताया कि माँ की बगिया योजना के अंतर्गत प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को और गति प्रदान करते हुए अधिकाधिक ग्राम पंचायतों को इससे जोड़ा जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं महिला स्व-सहायता समूहों को सतत आजीविका के अवसर प्राप्त हों। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति ने एनएसएस के स्वयंसेवक आयुषी सिन्हा एवं सौमित दुबे को किया पुरस्कृत





### उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने दी बधाई

भोपाल।


राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेवक सुश्री आयुषी सिन्हा एवं बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र सौमित दुबे को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत की अस्मिता एवं सामर्थ्य को प्रभावी रूप से विश्वमंच पर परिलक्षित करने का आन्दोलन है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य संवेदनशील एवं समाजसेवा भावी श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना है। छात्रा आयुषी एवं छात्र सौमित की यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है बल्कि यह सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दोनों विद्यार्थियों को सत्र 2022-23 में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 4.90 लाख बच्चों को नि:शुल्क साइकिल

भोपाल।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन दर और शिक्षा गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में इस शैक्षणिक सत्र में 4 लाख 90 हजार बच्चों को साइकिल का वितरण किया गया है। इस वर्ष विभाग ने योजना के लिये 215 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। योजना के माध्यम से उन बच्चों को निःशुल्क साइकिल का लाभ दिया जा रहा है, जिन्होंने कक्षा-5 और कक्षा-8 उत्तीर्ण कर ली है। ऐसे विद्यार्थियों के अगली कक्षा की दूरी मजरे टोले की दूरी 2 किलोमीटर या उसे अधिक की दूरी पर हो उन्हीं बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में उन बालिकाओं को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है जो छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही है। बच्चों को साइकिल की सुविधा स्कूल आने-जाने के लिये प्रदान की गई है। पिछले वर्ष विभाग ने 4 लाख 80 हजार बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरित की थी।

# तलाश घर की नाट्य प्रस्तुति का मंचन



### दादा-दादी नाना-नानी की कहानियों का किया मंचन

**दमोह।** मप्र नाट्य विद्यालय,संस्कृति विभाग और बुंदेलखंड की अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर लोक कथाओं पर आधारित नाटक तलाश घर की का मंचन स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज दमोह में किया गया। युवा नाट्य मंच की इस नवीन प्रस्तुति में दिखाया गया जहां आज के समय में बच्चे और युवा न केवल हमारी पारंपरिक लोक कथाओं, लोक नृत्यों और लोक परंपराओं से दूर होते जा रहे है बल्कि मोबाइल ओर सोशल मीडिया के जाल में फसते जा रहे है। ऐसे समय में लोक कथाओं के माध्यम से जन जागृति लाने की दिशा में इस नाट्य मंचन को किया गया।

ज्योत्सना मिलन और लक्ष्मी नाथ बेजबरुआ की कहानियों पर आधारित नाटक तलाश घर की नई पीढ़ी को लोक कथाओं की महत्ता और उपयोगिता का बोध कराने के लिया किया गया। पहली कहानी चंपावती थी जिसमें एक अमीर आदमी की दो-दो पत्नियां हैं एक लागी और दूसरी अलागी दोनों की एक एक बेटी है। अलागी की बेटी चंपावती है। लागी को अपनी सुंदरता का अभिमान है। लागी हमेशा अलागी से झगड़ा करती है और अलागी और उसकी बेटी चंपावती को अपने पति से कह कर पिछवाड़े की झोपडी में रहने के लिए भेज देती है जिससे उन्हें बहुत तकलीफ़ होती है। इसी बीच चंपावती खेत में रखवाली को जाती है वहां एक अजगर चंपावती से शादी करना चाहता है अलागी के बार बार मना करने के बावजूद लागी के कहने पर जमीदार उसकी शादी अजगर से कर देता है ताकि अजगर चंपावती को खा जाए पर अजगर एक देवता था और वह अलागी को सोने चांदी के गहने भेट करता है यह बात देखकर लालच के कारण लागी अपनी बेटी की भी शादी अजगर से करवा देती है और अजगर उसे खा जाता है। कहानी का सार है लालच बुरी बला है। दूसरी कहानी एक शहर से दूसरे शहर में रहने आए व्यक्ति अनिरुद्ध जोशी की है जो इंदौर से किसी दूसरे शहर में रहने के लिए आया है। यहां वो एक किराए के घर में रहता है जहां पहले एक कृष्णकांत नामक व्यक्ति और उसका परिवार रहा करता था, तो जब भी कोई पड़ोसी अनिरुद्ध जोशी से मिलने आता तो वो घुमा फिरा कर एक ही बात कहता की कृष्णकांत बड़े ही अच्छे आदमी थे जिससे अनिरुद्ध जोशी को बहुत तकलीफ होती है। छोटे-छोटे रोचक प्रसंगों और अलग-अलग चरित्रों से गुजरते हुए यह कहानी अनिरुद्ध जोशी के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर देती है।

इस नाट्य प्रस्तुति में नवोदित कलाकारों ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। नाटक का संगीत अत्यंत कर्णप्रिय था और नाटक में प्रयोगवादी गीत लिखे गए जिन्हें लिपिबद्ध और स्वरबद्ध सारे नवोदित कलाकारों ने ही किया है। दोनों कहानियों में इंसान की जद्दोजहद और पहचान का संघर्ष दिखाया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुवाई में शनिवार को होगा किसान सम्मेलन

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन एवं विदिशा जिले से लगभग 2500 किसान शामिल होंगे। सम्मेलन में किसानों को भावांतर योजना के संबंध में जानकारी दी जाएगी एवं योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। योजना अंतर्गत किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक मंडी में फसल बेच सकेंगे। किसानों को 15 दिवस में भावांतर की राशि उनके आधार लिंक बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। भावांतर योजना के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर तक होंगे।

## ओबीसी महासभा ने पैर धोकर पानी पिलाने की घटना पर धरना दिया

**दमोह।** ओबीसी महासभा ने गुरूवार को महाराणा प्रताप स्कूल मैदान में धरना एवं विशाल सभा का आयोजन कर सतरिया गांव में हुई पैर धोकर पानी पिलाने की घटना पर जमकर नाराजगी बताई। दिन भर चले आंदोलन के बाद शाम को सैकड़ों की संख्या में ओबीसी महासभा के लोग कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, वहां प्रदर्शन के बाद विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस घटनाक्रम के बाद प्रदेश की राजनीति भी गरमाने लगी है। बीते दिन कांग्रेस दल के विधायक को ने इस मुद्दे को उठाया था अब ओबीसी महासभा के नेतृत्व में सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन 16 अक्टूबर को महाराणा प्रताप स्कूल ग्राउंड में सुबह 11 बजे से किया गया। ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष रवि लोधी ने बताया कि यह आयोजन महा आंदोलन के रूप में आयोजित किया गया है ।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

**दमोह।** गोकुलधाम में जुझार वाले के निज निवास पर वेद असाटी वंश के जन्मदिन के अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गयाए जिसमें राम दरबार की पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ प्रारंभ कर सभी ने सुंदरकांड पाठए हनुमान चालीसा कर आरती की और सभी ने वेद असाटी वंश को बधाई दी एवं काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान असाटी समाज के लोग व समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित रहे। भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गयाए फिर प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर श्रीमती जमुना बाई असाटी, अशोक असाटी, संध्या असाटी, साजन असाटी, नेहा असाटी, वेद असाटी, अंशिका असाटी उपस्थित थे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 23/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेम स्वरूप जुनेजा पिता स्व. गुरूचरण लाल जुनेजा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक जी.एस.कालेज के पास सिविल लाइन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400022 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1/4 हिस्सा 2053.854 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती स्वर्णकांता पिता/पति रमेश चंद्र मखीजा साईंदास पिता लद्धाराम, देवराज पिता साईंदास, अशोक, राजीव पिता स्व. सुरजीत का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रीति तिवारी पति भागीरथ तिवारी ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 1161/1 सी जबलपुर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000430508 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 121 व.फु. प्रथम तल 81 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुरेश कुमार मिश्रा पिता बृजभूषण तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति साक्षी पाठक पति शशांक पाठक (2) शशांक पाठक पिता मुकेश पाठक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 1182/48/सी5 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399762 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 901 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 650 व.फु. प्रथम तल 650 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्रीमती विभा मिश्रा पति जय प्रकाश मिश्रा (2) साइमा सिद्दीकी पति राशिद सुहैल सिद्दीकी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

# यात्रियों से टिकिट की नियत राशि से ज्यादा वसूलने वाली बसों पर हो सख्त कार्रवाई : सिंह




### वीडियो कांफ्रेंस से परिवहन अमले को दिये गये निर्देश

**भोपाल ।** परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विभागीय अमले को दीपावली त्यौहार को देखते हुए बसों से यात्रियों से नियत टिकिट की राशि से अधिक वसूली करने वाले बस मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने परिवहन विभाग के अमले को सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिये भी कहा है। परिवहन मंत्री श्री सिंह गुरुवार को भोपाल में परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह और आयुक्त परिवहन श्री विवेक शर्मा भी मौजूद थे।

**मंत्री द्वारा दिये गये निर्देश**

बसों की जाँच के दौरान परिवहन जाँच स्टॉफ वर्दी में हों। बॉडीवार्न कैमरे का इस्तेमाल किया जाये। समस्त क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन अधिकारी उनके जिले में स्थापित एटीएस (ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन) की नियमित जाँच करना सुनिश्चित करें।

- बिना वैध बीमा, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग बस पाए जाने पर उन्हें जारी किये गये परमिट की जाँच हो। स्टेज कैरिज वाहनों में लायसेंस प्राप्त कंडक्टर हो।

- स्लीपर कोच में प्रवेश एवं निर्गम निर्धारित मापदण्ड के अनुसार हो। स्लीपर कोच में निर्धारित ले-आउट के अनुसार स्लीपर लगे हों, यह सुनिश्चित हो।

-अमले को यह निर्देश दिये गये हैं कि लोक सेवा वाहन में ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन न किया जाये। समस्त बसों में पोर्टेबल अग्निशमन यंत्र हों। प्रत्येक बस में प्राथमिक चिकित्सा के उपकरण अनिवार्य रूप से हों।

- आल इण्डिया टूरिस्ट परमिट एवं अन्य बसों द्वारा परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर हो सख्त कार्यवाही। बीमा नवीनीकरण और वाहन पंजीकरण की जाँच हो। प्रदेश के सभी वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हो, यह सुनिश्चित किया जाये। वाहन पोर्टल पर माइग्रेट होने के पूर्व जिन वाहनों का मोटर कर और पैनाल्टी की राशि दर्ज न हो, ऐसे प्रकरण का निराकरण 15 दिवस में हो।

- दो पहिया वाहनों पर चालक हेलमेट पहने, यह सुनिश्चित हो। हेलमेट उपयोग के लिये निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री डॉ. जनमे जय जामदार (2) डॉ. श्रीमति अनुश्री जामदार पति डॉ. जनमे जय जामादार पिता डॉ. जितेन्द्र जामदार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी आवंती बाई के भवन क्रमांक 1183 निरंजन बिहार युनिवर सिटी रोड पचपेड़ी जबलपुर के पिन क्रमांक 1000398118 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 1291 व.फु. प्रथम तल 1291 व.फु. द्वितीय तल 1291 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री डॉ. जितेन्द्र जामदार पिता स्व. डॉ. जनार्दन जामदार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिवानी सरपाल पति नरेन्द्र सरपाल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक ब्लाक ई-प्लेटिनम डिलाइट केम्पस सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002147749 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रपुल जिस पर निर्मित तृतीय तल 1150 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनीष यादव पिता श्री रामदास यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक राय पिता श्री राजेन्द्र राय (2) राजेन्द्र राय पिता राधाकृष्ण राय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट क्र. 485 फेस-2 चेतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380528 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संजय वीरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंदन सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 15/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल कुमार झारिया पिता श्री रतिराम झारिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट क्र. 16 चग्गर फार्म हाउस सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003875954 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती आशा कुशवाहा पति स्व. श्री प्रकाश चंद्र कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर





फोटो : अनिल तिवारी

# बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे सेठ गोविंद दास

## शहीद स्मारक में समारोह पूर्वक मनाया गया 130वां जन्मोत्सव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में पद्मभूषण डॉ. सेठ गोविंद दास जी का 130वां जन्मोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। गुरुवार प्रातः 10 बजे शहीद स्मारक प्रांगण में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मध्यप्रदेश शासन के पूर्व संसदीय सचिव राजेन्द्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदनगोपाल तिवारी की अध्यक्षता में सेठ गोविंद दास रंगमंच पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक, सेठ गोविन्ददास स्मारक समिति के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खम्परिया, सेठ गोविन्द दास जी के पड़पोते बाबू विश्वमोहन मंत्री हितकारिणी सभा, श्रीमति सुनयना पटेरिया सभापति हितकारिणी सभा एवं विष्णु शंकर पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला (ग्रामीण) कांग्रेस, जिला (ग्रामीण) कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष संजय यादव, सौरभ शर्मा शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, सतीश तिवारी अध्यक्ष जिला सेवादल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, हितकारिणी सभा के विद्या परिषद से जयेश राठौर मंचासीन रहे। इस वर्ष यह आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर सेठ जी की जयंती तक पखवाड़े के रूप में मनाया गया है। पखवाड़े के अंतर्गत हितकारिणी सभा द्वारा संचालित स्कूल-कॉलेजों में सेवा कार्य के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थाओं के प्रमुख को अपने परिसर को स्वच्छ रखना छात्र-छात्राओं को देश सेवा, देश प्रेम, गौ सेवा, आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के लिये व्याख्याानों के माध्यम से प्रेरित किया गया है।

### वक्त के पाबंद थे सेठ गोविन्ददासः तिवारी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मदन गोपाल तिवारी ने कहा कि महाकौशल में स्वतंत्रता आंदोलन की चिंगारी सेठ गोविन्द दास जी ने ही जलाई। वह समय के बेहद पाबंद थे और सदैव गांधीवाद पर ही राजनीति करते रहे। उन्होने कहा कि सेठजी की चौथी पीढ़ी आज भी उनकी स्मृति को जीवंत बनाए हुये है। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु शंकर पटेल ने कहा आज तक सेठ गोविन्द दास जी जैसा कोई दूसरा ऐसा नेता नहीं हुआ जो आजीवन सांसद रहा हो।



### हिन्दी के प्रखर पक्षधर : श्रीमती पटेरिया

हितकारिणी सभा की सभापति श्रीमती सुनयना पटेरिया ने कहा कि सेठ गोविंद दास जी हिन्दी भाषा के प्रखर पक्षधर तो थे लेकिन उन्होंने शायद यह भी महसूस कर लिया था कि आने वाले समय में इतिहास को बदलने की कोशिशें होंगी, इसीलिये उन्होंने शहीद स्मारक के इस रंगमंच की दीवारों पर स्वाधीनता संग्राम से संबंधित अनेक घटनाक्रम का खूबसूरत चित्रण करा दिया था। श्रीमती पटेरिया ने कहा कि आजकल के बच्चों को सेठजी द्वारा पार्लियामेंट में हिन्दी में दिये गए भाषण को सुनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

### विभिन्न हस्तियों का हुआ सम्मान

पद्मभूषण डॉ. सेठ गोविंद दास जी का 130वां जन्मोत्सव समारोह के दौरान साहित्यिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान देने पर राजेश पाठक 'प्रवीण', डॉ आशारानी, शिव नामदेव, राधेश्याम चौबे, यतीश अग्रवाल, प्रतुल श्रीवास्तव, श्रीमती स्वाती मिश्रा को सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ नीलेश पाडेय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये गांधी जयंती से शुरू हुई गतिविधियों का विवरण पेश किया। कार्यक्रम को शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, शोधकर्ता डॉ. आशारानी तथा छात्र-छात्राओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन के जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक, हितकारिणी सभा परिवार तथा सभा द्वारा संचालित स्कूल-कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### देशभर में कार्यक्रम होने चाहिए : मिश्रा



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जो जिस विधा में महारत हासिल रखता है वह उस विधा से हटकर कुछ अलग नहीं कर सकता, लेकिन सेठ गोविन्द दास जी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उन्हे राजनीति, समाजनीति और साहित्य सृजन में महारत हासिल था। उन्होंने द्वापर के महाभारत पर लिखा तो त्रेता की शबरी पर भी लिखना नहीं भूले। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे महापुरुष की स्मृति में केवल जबलपुर ही नहीं, देशभर में कार्यक्रम होने चाहिए।

### युवा पीढ़ी चिन्तन करे : विश्वमोहन



सेठ गोविन्द दास जी के पड़पोते और हितकारिणी सभा के मंत्री बाबू विश्वमोहन ने अपने संबोधन में कहा कि सेठ गोविन्द दास जी जब तक जीवित रहे, समाज और देश की आवश्यकता के अनुरूप ही काम करते रहे। उनके संकल्पों से प्रेरणा लेकर आज की पीढ़ी क्या कर सकती है, इस पर चिंतन की जरूरत है। इससे पहले स्वागत भाषण के दौरान सेठ गोविन्ददास स्मारक समिति के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खम्परिया ने सेठजी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किये गए संघर्ष और अनेक घटनाक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से होटल में लगी भीषण आग

### आधारताल क्षेत्र का मामला, मौके पर पहुंची दमकल की टीम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आधारताल क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर गुरुवार सुबह एक होटल में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में जोरदार ब्लास्ट हुआ, जिससे आसपास के लोग घबरा गए। बताया जा रहा है कि यह ब्लास्ट गैस सिलेंडर फटने की वजह से हुआ, जिसके बाद आग और फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के



मुताबिक आधारताल चौराहे के पास स्थित कन्हैया होटल में यह हादसा हुआ। सुबह होटल संचालक जब खाना बना रहा था, तभी गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई और कुछ ही पलों में विस्फोट हो गया। फायरकर्मियों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो पास की दुकानों तक भी आग फैल सकती थी।

## किसानों को किया जागरूक

*सिहोरा ( स्वतंत्र मत )। शासन के द्वारा किसानों को नरबाई के उचित प्रबंधन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय कछपुरा एवं गोसलपुर में कृषि विस्तार अधिकारी अदिति सिंह राजपूत के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम कर किसानों को समझाईश दी गई की नरवाई फसल अवशेष न जलाने और उसका सही प्रबंधन करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को नरवाई जलाने की बजाय उसका उपयोग जैविक एवं टिकाऊ खेती के लिए उपयोग करने की अपील की गई।*

# पीएम केयर्स के बच्चों से कलेक्टर ने किया संवाद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत जिले के उन बच्चों से संवाद किया जिन्होंने कोविड महामारी के कारण अपने माता एवं पिता दोनों को खोया है।

उन्होंने सभी बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई, स्वाास्थ, खेल, रूचि आदि के बारे में संवाद किया और कहा कि वे पढ़ाई को प्राथमिकता दें और समाचार पत्र भी पढ़े, जिससे नई-नई जानकारियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी परेशानी हो तो वे तुरंत उन्हें संबंधित अधिकारी को सूचित करें। उल्लेखनीय है कि ऐसे बच्चों को 18 वर्ष पूर्ण होने पर मासिक 5500 रूपये प्रतिमाह स्टायपेंड का प्रावधान है । 23 वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों को 10 लाख रूपये प्रदान किया जायेगा। साथ ही आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख रूपये का स्वास्थय बीमा भी कवर है । कक्षा 1 से 12वीं तक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय के माध्यम से वार्षिक 20 हजार रूपये छात्रवृत्ति तथा स्पांसरशिप योजना अंतर्गत 4 हजार रूपये प्रतिमाह का भुगतान का प्रावधान है। जिले में ऐसे 16 बच्वें हैं जिनमें से 4 बच्चे, अन्य शहरों में पढ़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से संवाद के बाद उन्हें दीपावली के अवसर पर उपहार भी प्रदान किया।



# बेटिकटों से पमरे ने कमाया 66 करोड़ 35 लाख का राजस्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से सितम्बर 2025 तक कुल 9 लाख 56 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 66 करोड़ 35 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जांच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 17 हजार प्रकरण से रेलवे ने 1 करोड़ 09 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जांच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 4 लाख 42 हजार प्रकरण से रेलवे ने 32 करोड़ 58 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। इसी प्रकार भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने 3 लाख 14 हजार प्रकरण से रेलवे ने 20 करोड़ 23 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जांच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 1 लाख 82 हजार प्रकरण से रेलवे ने 12 करोड़ 45 लाख रूपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है ।

# मिष्ठान भंडारों से खाद्य विभाग ने लिए सैम्पल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया तथा खोवा, मिठाइयों और नमकीन आदि के नमूने परीक्षण हेतु एकत्र किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार को किये गये निरीक्षण के दौरान अंधमूक बाईपास स्थित नर्मदा मिष्ठान्न भण्डार से रसगुल्ला और मोतीचूर के लड्डु, गढ़ा स्थित भारतीय होटल से खोवा के पेड़ा और बर्फी एवं जनता होटल से खोवा, दीनदयाल चौक स्थित केशरवानी मिष्ठान्न से रसगुल्ले और नमकीन, बरेला स्थित विश्वकर्मा होटल से खोवा और गुलाब जामुन, जैन उत्तम मिष्ठान्न भण्डार से खोवा, खत्री डेयरी से खोवा और पनीर, गोरखपुर स्थित न्यू केशरवानी स्वीट्स से खोवा और पेड़ा सहित अन्य प्रतिष्ठानों से सैम्पल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने तथा त्यौहार के दौरान दूषित खोवा और मिठाइयों का विक्रय रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान मौके पर ही खोवा, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों में स्टार्च, यूरिया, डिटर्जेंट तथा वनस्पति का रासायनिक परीक्षण भी किया जा रहा है।

# हाईवा की टक्कर से युवती की दर्दनाक मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थाने में देर रात बिनोद बिल्थरे उम्र 40 वर्ष निवासी अनमोल वाटिका माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह स्वास्तिक अस्पताल जबलपुर मे मैनेजर के पद पर पदस्थ है । विगत शाम वह स्वास्तिक अस्पताल में था उसी समय उसके फुफेरे भाई हरिशंकर तिवारी ने उसे फोन कर बताया कि बेटी अंशिका तिवारी उम्र 18 वर्ष निवासी गांधीग्राम बुढागर थाना गोसलपुर एवं भतीजा अनमोल तिवारी उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम बम्होरी थाना पनागर जो श्रीराम कॉलेज माढ़ोताल से अपने घर बाइक से आते समय खजरी खिरिया वाईपास चौराहा के पास एक्सीडेण्ट हो गया है । उसने जाकर देखा तो उसकी भतीजी अंशिका तिवारी चौराहे के किनारे मृत अवस्था में पड़ी थी । वहीं टक्कर मारने वाला टाटा टिपर हाईवा भी खड़ा था। अनमोल की मोटरसाइकिल भी खड़ी थी । आसपास के लोगों ने बताया कि बाइक चलाने वाले अनमोल तिवारी को सरकारी एम्बुलेंस वाले मेडिकल कालेज ले गये हाईवा द्वारा तेज गति लापरवाही से चलाते हुये कटंगी बायपास से आते समय खजरी खिरिया वाईपास चोराहे पर अचानक वायें तरफ मुड़ जाने से मोटरसाइकिल में साइड से टक्कर लगने से बाईक चलाने वाला लड़का अनमोल तिवारी एव बाइक मे पीछे बैठी लडकी अंशिका तिवारी चके के नीचे आ गये । जिससे अंशिका तिवारी की मौके पर मृत्यु हो गयी है। अनमोल का पैर हाईवा के चके के नीचे आने से गम्भीर चोट आई है। जिसका उपचार मेडिकल मे चल रहा है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# खाते से उड़ा दिए लाखों रुपए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में शशि पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड पनागर ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसके पति खेती करते है, उसका खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा पनागर में है। 24 जून 2023 से 27 जुलाई 2023 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने 5 लाख 19 हजार रूपये यूपीआई के माध्यम से उसके खाते से निकाल लिये है । उसे खाते से उसका मोबाईल नम्बर लिंक था जो कि वर्ष 2023 में बंद हो गया था जिस कारण बैक से रूपये निकाले जाने के सम्बंध में उसे काई मैसिज प्राप्त नहीं हुये। जब वह अपना पैसा निकालने बैंक गयी तो ज्ञात हुआ खाते मे पैसे नहीं है।

# 17 बार स्वास्थ्य विभाग से मांगी जानकारी, न मिलने पर जिला अस्पताल पहुंची ईओडब्ल्यू

## वित्तीय अनियमित्ताओं की शिकायत पर टीम ने खंगाले दस्तावेज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की टीम ने गुरुवार जिला अस्पताल (विक्टोरिया) में छापेमारी की। इस दौरान यहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है वित्तीय अनियमित्ताओं को लेकर ईओडब्ल्यू के पास शिकायत पहुंची थी। इसके बाद से जिला अस्पताल के अधिकारियों से दस्तावेज मांगे जा रहे थे, जिस पर आना-कानी की जा रही थी।जानकारी के मुताबिक 2022 से 2025 के बीच ईओडब्ल्यू ने स्वास्थ्य विभाग को 17 बार पत्र लिखा। पत्रों का विभाग ने ना तो जवाब दिया और ना ही दस्तावेज दिए। जिसके बाद सिविल सर्जन की मौजूदगी में यह कार्यवाही की गई। सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग के कई बड़े अधिकारी इस जांच की जद में आ सकते हैं।





### कांग्रेस विधायक ने लगाए थे आरोप

बताया जा रहा है कि विक्टोरिया अस्पताल में फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी पाने की शिकायत को लेकर ये कार्रवाई की गई है। ये मुद्दा विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठा था। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने आरोप लगाया था कि अस्पताल के एक अधिकारी की शैक्षणिक योग्यता फर्जी है। हालांकि सरकार ने इससे इनकार किया था। बतां दें कि जिला अस्पताल 1876 में महारानी विक्टोरिया के नाम पर बनाया गया था। यहां लाल बिल्डिंग में अंग्रेज गोरों का, तो सफेद बिल्डिंग में भारतीयों का इलाज होता था। जिला अस्पताल इसी भवन में संचालित हो रहा है




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**